


# तरुण छत्तीसगढ़




e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 10 | कोरबा, बुधवार , दिनांक 09 अक्टूबर 2024 डाक 10 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के दौरान अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब



**देश-विदेश**
गीता की धरती पर सत्य की जीत, पीएम मोदी बोले- कांग्रेस और उसके चट्टे-बट्टे भारत को कर रहे कमजोर



**कोरिया जिला**
महिला की हत्या के बाद पहाड़ी कोरवा समाज ने शराबबंदी का लिया निर्णय



## उमर अब्दुल्ला की नसीहत- 'कांग्रेस को मंथन करना चाहिए कि राजभवन का रास्ता नापने वाले घर कैसे बैठे रह गए'

**नईदिल्ली, 09 अक्टूबर [एजेंसी]।**



हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। आगामी चुनावों में उसे सहयोगी दलों के दबाव का सामना करना पड़ेगा। इसकी शुरुआत हो चुकी है।हरियाणा के परिणाम आने के बाद आम आदमी पार्टी के कर्ताधर्ता अरविंद केजरीवाल और मुंबई में उद्धव ठाकरे शिवसेना की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने प्रतिक्रिया दी। प्रियंका चतुर्वेदी ने भाजपा को जीत की बधाई देते हुए कहा कि जहां कांग्रेस का भाजपा के साथ सीधा मुकाबला होता है, वहां कांग्रेस कमजोर पड़ जाती हैं। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के भावी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी कांग्रेस पर तंज कसा है। उमर ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस कभी 60 सीट पर थी, फिर 30 पर आई।

यह कैसे हुआ क्या कारण है कि कपड़े सिलवा कर राजभवन का रास्ता नापने वाले घर बैठे रह गए। कांग्रेस को इस पर गहराई से विचार करना चाहिए। माना जा रहा है कि उमर अब्दुल्ला ने अंदरूनी कलह को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। हरियाणा चुनाव में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कुमार सैलजा के बीच तनातनी साफ देखने को मिली थी। प्रियंका की इस प्रतिक्रिया को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। प्रियंका ने कांग्रेस को संदेश देने की कोशिश की है कि महाराष्ट्र का विधानसभा उद्धव ठाकरे को आगे रखकर लड़ा जाए, तभी भाजपा और उसके सहयोगी दलों का मुकाबला किया जा सकता है। अब महाराष्ट्र के सीट बंटवारे में भी सहयोगी दल कांग्रेस पर हावी होने की कोशिश करेंगे।

अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की हार के बाद कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने दिल्ली में कहा, किसी भी चुनाव को हल्के में नहीं लेना चाहिए। अतिआत्मविश्वास भारी पड़ सकता है। अपने पार्षदों की बैठक में केजरीवाल ने कहा कि आपस में नहीं लड़ना है। यह काम चुनाव बाद कर लेंगे। यदि आपस में लड़ते रहे, तो हार तय है। माना जा रहा है कि केजरीवाल का इशारा हरियाणा में भूपेंद्र हुड्डा और कुमारी सैलजा के विवाद पर था।

## नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं, एमपीसी की बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर ने किया ऐलान

**नईदिल्ली, 09 अक्टूबर [एजेंसी]।**



भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। रेपो रेट को एमपीसी 51वीं बैठक में चर्चा के बाद 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को तीन दिनों तक चली एमसीसी की बैठक के बाद यह एलान किया। रुख को न्यूट्रल रखने पर एमपीसी के सभी सदस्यों ने सहमति दिखाई। केंद्रीय बैंक के गवर्नर के अनुसार आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए विकास अनुमान को 7.2 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि लचीले मौद्रिक नीति ढांचे ने 8 साल पूरे कर लिए हैं, यह एक प्रमुख संरचनात्मक सुधार है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति के रुख को बदलकर तटस्थ कर दिया। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने लगातार 10वीं बार बेंचमार्क ब्याज दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि लचीले मौद्रिक नीति ढांचे ने 8 साल पूरे कर लिए हैं, यह एक प्रमुख संरचनात्मक सुधार है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति के रुख को बदलकर तटस्थ कर दिया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने लगातार 10वीं बार बेंचमार्क ब्याज दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है।

आरबीआई ने सामान्य मानसून को देखते हुए वित्त वर्ष 2025 के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। दास ने कहा, अच्छे मानसून और पर्याप्त बफर स्टॉक के कारण इस वर्ष के अंत में खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आएगी। दास ने कहा कि प्रतिकूल आधार और खाद्य कीमतों में तेजी के कारण सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति में बड़ी उछाल आने की आशंका है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि मौद्रिक नीति समिति ने ब्याज दर पर यथास्थिति रखने के पक्ष में 5.1 से फैसला किया। आरबीआई ने एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसलों का एलान करने के बाद महात्मा गांधी की प्रसिद्ध उक्ति भी दोहराई। रेपो दर वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिये इसका उपयोग करता है।

## इंतकाम के मूड में इजरायल, हिजबुल्लाह के 6 टॉप कमांडर समेत 50 आतंकी किए ढेर

### लेबनान में कर दी मिसाइलों की बारिश



**तेल अवीव, 09 अक्टूबर [एजेंसी]।**

हिजबुल्लाह के हमलों के बाद इजरायल लगातार लेबनान पर जवाबी कार्रवाई कर रहा है। आज इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर सैकड़ों मिसाइल दागी है। आईडीएफ ने बताया कि लेबनान में किए इस हमले में 50 हिजबुल्लाह आतंकवादियों को मार गिराया है। इजरायल के इस भीषण हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के 6 टॉप कमांडर भी ढेर हो गए। समाचार एजेंसी के अनुसार, हमलों में अहमद हसन नाजल भी मारा गया, बिंट जेबिल क्षेत्र की जिम्मेदारी संभाले था और इजरायल पर हमले कर रहा था। गजर सेक्टर का प्रभारी हसिन तलाल कमल, मूसा दीव बाराकत, महमूद मुसा कार्निव और बिंट जेबिल सेक्टर में तोपखाने के प्रभारी अहमद इस्माइल और अब्दुल्ला अली डिकिक भी इस हमले में मारे गए। आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के दक्षिणी मोर्चे के उन ठिकानों को भी निशाना बनाया, जहां उसने अपने बुनियादी ढांचे और भूमिगत मुख्यालय बना रखे थे। इसके अलावा, हिजबुल्लाह की अजीज यूनिट के 50 ठिकाने और नासिर यूनिट के 30 ठिकानों को भी नष्ट कर दिया गया।

## बड़ा फैसला, शराब-मांसाहार का सेवन करने वाले पुलिसवालों की महाकुंभ में नहीं लगेगी ड्यूटी, सिर्फ इनकी तैनाती



**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुंभ में शराब पीने वाले और मांसाहार का सेवन करने वाले पुलिसकर्मियों की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। डीजीपी मुख्यालय ने सभी कमिश्नरेट और रेंज से प्रयागराज भेजे जाने वाले पुलिस बल के संबंध में इसका विशेष ध्यान देने को कहा है। साथ ही कहा है कि, उनकी सत्यनिष्ठा, छवि, आम शोहरत और चाल-चलन अच्छी होनी चाहिए। इसके अलावा पुलिसकर्मियों की आयु सीमा को लेकर भी दिशा-निर्देश दिया है। डीजीपी मुख्यालय में एडीजी स्थापना संजय सिंघल की ओर से जारी पत्र के मुताबिक महाकुंभ भेजे जाने वाले आरक्षियों की उम्र सामान्यतः 40 वर्ष होनी चाहिए। इसी तरह मुख्य आरक्षी 50 वर्ष से अधिक और उपनिरीक्षक एवं निरीक्षक 55 वर्ष से अधिक उम्र के नहीं होने चाहिए। ऐसे किसी भी पुलिसकर्मी को महाकुंभ में ड्यूटी के लिए नहीं भेजा जाएगा, जो प्रयागराज का मूल निवासी है। साथ ही, वह शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ, चैतन्य और व्यवहार कुशल होना चाहिए। उन्होंने पहले चरण में पुलिसकर्मियों की तैनाती के लिए 10 अक्तूबर, दूसरे चरण के लिए 10 नवंबर और तीसरे चरण के लिए 10 दिसंबर तक नाम भेजने का निर्देश दिया है। इसके अलावा लिपिक संवर्ग और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भी तैनाती के लिए नाम भेजने को कहा है।

## पुलिस मुठभेड़ में दो गांजा तस्कर गोली लगने से घायल, 8-10 किलो मादक पदार्थ बरामद

**कानपुर, 09 अक्टूबर [एजेंसी]।**



महाराजपुर थाना क्षेत्र में गांजा तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ में दो आरोपी गोली लगने से घायल हो गए हैं। पुलिस ने अनुसार इन बदमाशों के पास से 8 से 10 किलो तक मादक पदार्थ प्राप्त हुआ है। महाराजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और गांजा तस्करों के बीच देर रात यह मुठभेड़ हुई। एस के सिंह, पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कानपुर-प्रयागराज हाईवे से होते हुए स्कूटी पर सवार बदमाश मादक पदार्थों को लेकर आ रहे हैं। पहले से ही मुस्तैद पुलिस की टीम ने जब उनको रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की और जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए। एस के सिंह ने बताया, पुलिस को पिछले कुछ दिनों से लगातार सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग मादक पदार्थों की तस्करी में लगे हुए हैं। मंगलवार शाम को भी जब इस मामले में सूचना मिली तो पुलिस की टीम ने बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। इस पर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की जिसमें दो आरोपी गोली लगने से घायल हो गए हैं। उनको हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने आगे बताया, इन लोगों के पास से काफी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुआ है। इस मामले में पुलिस कमिश्नर के निर्देश के अनुसार कार्रवाई हुई है, जिसके अनुसार जो भी मादक पदार्थ की सप्लाई करता है वह समाज में गलत चीज की सप्लाई करता है। उसी कड़ी में यह एक्शन लिया गया है। इसके साथ ही मेरे द्वारा पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का इनाम भी दिया गया है।

## स्टालिन की एनसी-कांग्रेस गठबंधन को बधाई, कहा- यह जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को जनादेश

**चेन्नई 09 अक्टूबर।** वर्ष 2019 के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर में हुए विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को जीत मिली। इस पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बधाई दी। साथ ही कहा कि यह गठबंधन का जनादेश जम्मू-कश्मीर की गरिमा और राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए है, जिसे केंद्र सरकार ने गलत तरीके से छीन लिया। सीएम स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को जम्मू-कश्मीर के लोगों को जीत के लिए बधाई। यह लोकतंत्र और देश के लिए सिर्फ जीत से अधिक है। यह जम्मू-कश्मीर की गरिमा और राज्य का दर्जा बहाल करने की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एक जनादेश है, जिसे केंद्र की भाजपा सरकार ने अन्यायपूर्ण तरीके से छीन लिया था।







## जहानाबाद में बड़ा हादसा, विदेशी पर्यटकों की बस और हाइवा के बीच भीषण टक्कर, मची चीख-पुकार

**जहानाबाद, 09 अक्टूबर [एजेंसी]।**




जहानाबाद जिले के कड़ौना थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग 83 पर टूरिस्ट बस और हाइवा में जोरदार टक्कर हो गई। जिसके बाद टूरिस्ट बस पलट गई। इस घटना में ताइबान के 8 बौद्ध भिक्षु जख्मी हो गए। आनन- फाइन में सभी बौद्ध भिक्षु को उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से गंभीर रूप से जख्मी दो बौद्ध भिक्षुओं को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक टूरिस्ट बस पटना से गया की ओर बौद्ध भिक्षुओं को लेकर जा रही थी। इसी दौरान एक हाइवा ने टक्कर मार दी। जिससे बौद्ध भिक्षुओं को लेकर जा रही बस पलट गई। हालांकि, हाइवा चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना कड़ौना थाने को दी गई। आनन- फानन में सभी लोगों को सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी लोगों में त्रीरीग टीएस फुंग, मथा मू, थीन सेव कू, खेमा, निगेन हाग, मी नगन, रेबी बू शामिल हैं। इसमें से थीन सेव कू तथा रेबी बू को पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। सभी जख्मी यात्री ताइबान के बताए जाते हैं, जो कि बोधगया टूरिस्ट बस से जा रहे थे। विदेशी यात्रियों के जख्मी होने की सूचना से प्रशासनिक महकमा में हड़कप मच गया। वरीय अधिकारी सदर अस्पताल पहुंच गए हैं।







**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
कृषक
उन्नति योजना
छत्तीसगढ़ में किसानों से
₹3,100
की दर से प्रति एकड़
21 क्विंटल धान की खरीदी
समृद्ध किसान
धान का मिल रहा सर्वाधिक दाम
S-41634/1
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें...
हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# राशन दुकान में गड़बड़ी करने पर भिलौनी की पीडीएस दुकान सस्पेंड

**जांजगीर-पामगढ़।** राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद पीडीएस दुकान की जांच की गई। जिसमें ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगाने के समय राशन वितरण नहीं करना व चावल, शक्कर, नमक में कमी पाई गई। जांच के बाद नोटिस जारी किया गया। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर दो पीडीएस दुकान को पामगढ़ एसडीएम ने निलंबित करने की कार्रवाई की। लगातार राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद पामगढ़ ब्लॉक के ग्राम भिलौनी व मुलमुला पीडीएस दुकान में जाकर अफसरों ने जांच की। सरकारी राशन दुकान मुलमुला का संचालन सेवा सहकारी समिति द्वारा किया जा रहा है। दुकान की जांच 30 अगस्त को गई जिसमें जांच के दौरान दुकान में चावल 215 क्विंटल की कमी पाई, शक्कर 9 किलो व नमक 14 किमी निर्धारित मात्रा से ज्यादा पाया गया। जांच के समय संचालक द्वारा किसी भी प्रकार की पंजी प्रस्तुत नहीं की गई। हितग्राहियों के अनुसार विक्रेता द्वारा ई-पॉश मशीन में पहले ही अंगूठा लगा दिया जाता है। उसी समय खाद्यान्न का वितरण नहीं किया जाता। संचालक एजेंसी व विक्रेता द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली

आदेश 2016 की कंडिका 11 (11) 12 (2), 15 तथा 5 (26) का उल्लंघन किया गया। जो दंडनीय अपराध है।

जांच के बाद खाद्य निरीक्षक पामगढ़ ने जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। जवाब संतोषप्रद नहीं मिलने पर संचालक एजेंसी मधुसूदन साहू प्रबंधक सेवा सहकारी मुलमुला का संचालन आदेश निलंबित करने का आदेश पामगढ़ एसडीएम व्हीदुर्रमान शाह



के द्वारा जारी किया गया इसी प्रकार राशन दुकान भिलौनी का संचालन मत्स्य स्व सहायता समूह भिलौनी द्वारा किया जा रहा है। जांच के दौरान 237 क्विंटल, शंकर 2.49 क्विंटल की कमी पाई गई। नमक निर्धारित मात्रा से ज्यादा पाया गया। आगामी माह के वितरण के लिए भंडारित खाद्यान्न का वितरण वर्तमान माह में किया जाता है। ई-पॉश मशीन में अंगूठा लगाकर तत्काल भुगतान नहीं किया जाता है। हितग्राहियों से दुर्व्यवहार किया जाता है। जांच के नोटिस जारी किया गया। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर मत्स्य स्व सहायता समूह भिलौनी का संचालन आदेश निलंबित किया गया। उक्त दुकान को आगामी आदेश तक ससहा में संलग्न किया गया है। वहीं मुलमुला पीडीएस दुकान को चंद्रसेनी महिला स्व सहायता समूह नंदेली में संलग्न किया गया है।

## तीन दिवसीय रास गरबा डांडिया का हुआ समापन

**चांपा।** चांपा सेवा संस्थान महिला विंग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रास गरबा एवं डांडिया महोत्सव का 7 अक्टूबर को शानदार समापन किया गया। महिलाओं ने रास गरबा आरंभ से पूर्व मां दुर्गा का घट पूजा कर आह्वान किया। पुराना कॉलेज के पास उमा उत्सव वाटिका में डांडिया नाइट का आयोजन 5 से 7 अक्टूबर तक हुआ। इस आयोजन में नगर के सभी समाज की बच्चियों, महिलाओं व युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग ले अपनी भक्ति शक्ति जागरण व सांस्कृतिक कला का परिचय दिया। विभिन्न आकर्षक परिधानों में सजी महिलाओं ने रास गरबा किया। इसके बाद देवी भक्ति गीतों में डांडिया पर खूब नृत्य

किया। महिलाओं एवं युवतियों ने बताया कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति समेत परंपराओं को पहचान कराती है। जो आने पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक बनने में सहायक होती है। साथ ही सभी समाज के लोगों एक सूत्र में पिरोने का कार्य भी करती है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े, गुलाब चंदेल, रजनी साहू अध्यक्षता द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप, अध्यक्षता जय थवाईत अध्यक्ष नपा, समापन समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्षता दुर्गा प्रसाद अधिकारी आईएस प्रशिक्षु, बालेश्वर साहू ने की। 15 दिवसीय रासगरबा डांडिया के कोरियोग्राफर बिलासपुर के राजबोदनी एवं लीची थे। संचालन सुनील बनकर और पुरुषोत्तम शर्मा ने किया।

# क्षेत्र के जनता की समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमिकता:राघवेन्द्र

**अकलतरा।** अकलतरा विधानसभा के युवा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया जा रहा है। इस दौरान विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह प्रतिदिन 7-8 गांव का दौरा विधायक राघवेंद्र प्रतिदिन 7-8 गांवों का सघन दौरा कर क्षेत्र वासियों से कर रहे भेंट मुलाकात कर वहां की जनता से भेंट मुलाकात करते हुए उनके सुख-दुख में शामिल होकर उनकी समस्याओं एवं अपेक्षाओं को जानने का प्रयास कर रहे हैं।

राघवेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि क्षेत्र वासियों से भेंट मुलाकात ही मेरी ऊर्जा का स्रोत है। जब मैं ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर जाता हूं तो वहां के लोग मुझे अपना परिवार का सदस्य समझ कर सुख-दुख के विषयों को साझा करते हुए अपने समस्याओं एवं आकांक्षाओं के बारे में बताते हैं तो मुझे यह महसूस होता है कि क्षेत्र के जनता की समस्या मेरी अपनी समस्या है और उनकी आकांक्षाओं को पूरी करने पर मुझे आत्मिक तृप्ति होती है।



उन्होंने बताया कि राजनीति कोई करियर या जीवन यापन का जरिया नहीं होना चाहिए यह पूर्णत: संवेदनशीलता किए गए ऐतिहासिक कार्यों को सुनकर एवं पढ़कर मुझे भी बचपन से ही क्षेत्र वासियों से मेलजोल एवं उनके सभी विशेष अवसरों पर शामिल होने में मन लगने लगा।

विदित हो कि विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के पिता स्वर्गीय डॉ राकेश कुमार सिंह 1985 में अकलतरा विधानसभा विधान सभा से एवं दादा स्वर्गीय राजेंद्र कुमार सिंह 1972 एवं 1977 में अकलतरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। इस प्रकार विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह को जन. सेवा का वातावरण परिवार में बचपन से ही मिलने के चलते उनके अंदर भी अपने पूर्वजों की तरह इस कार्य को आगे बढ़ाने में रुचि गहरी होने लगी एवं वे भी अपने पूर्वजों के मार्ग पर चलते हुए क्षेत्र वासियों को अपना परिवार मानकर उनके सुख-दुख में शामिल होकर उनकी समस्याओं को दूर करने एवं अपेक्षाओं को पूरा करने में लगे हुए हैं।

का विषय है। जिनके मन में दूसरों के दुख, तकलीफों एवं कष्टों को देखकर सहानुभूति एवं उसके दुख दर्द को दूर करने की चाहत पैदा होती है ऐसे लोगों को राजनीति में आना चाहिए। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बचपन से ही पिताजी को जन सेवा एवं कल्याणकारी कार्यों में संलग्न देखा व दादाजी के द्वारा क्षेत्र वासियों के लिए।

## आंगनबाड़ी में16 अक्टूबर तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 02 अंतर्गत ग्राम पंचायत सेवई के आंगनबाड़ी केन्द्र सेवाई डीहपारा में कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सुकली के आंगनबाड़ी केन्द्र सुकली 03, ग्राम पंचायत बनारी के आंगनबाड़ी केन्द्र बनारी 03, ग्राम पंचायत बोडसरा के आंगनबाड़ी केन्द्र बोडसरा 05 एवं ग्राम पंचायत धुरकोट के आंगनबाड़ी केन्द्र धुरकोट 05 में मे रिक्त पद आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु ओवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 02 ने बताया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर भर्ती हेतु प्रथम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। जिसमें किसी भी अभ्यर्थी, नागरिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका पद में दावा आपत्ति 16 अक्टूबर 2024 कार्यालयीन समयावधि मे एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर (जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय जांजगीर के पीछे पुराना बाल संरक्षण गृह) मे स्वयं उपस्थित होकर दवापत्ति जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि व समय उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जावेगा तथा यह भी स्पष्ट हो कि दावा आपत्ति करने के समय मूल आवेदन में जोड़ने हेतु नवीन दस्तावेज मान्य नहीं किये जायेंगे।

## रोजगार दिवस में सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों की दी गई जानकारी



**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के माध्यम से गांव-गांव में रोजगार दिवस मनाया गया। इसके माध्यम से जॉब कार्डधारी परिवारों, ग्रामीणों की जॉब कार्ड, मजदूरी आदि को लेकर जो समस्याएं या प्रश्न सामने आए उनका समाधान मौके पर ही किया गया। इसके अलावा मनरेगा के दिशा-निर्देशों के साथ सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों से अवगत कराया गया।

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह की 7 तारीख को रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत बलौदा, नवागढ़, पामगढ़, बम्हनीडीह, अकलतरा की ग्राम पंचायतो में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। मनरेगा के रोजगार सहायकों ने योजना से गांव में ही रोजगार दिया जा रहा है। इसलिए गांव के विकास में अपनी हिस्सेदारी निभायें। इस दौरान प्रधानमंत्री योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना के साथ किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया।

## कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही बरतने वाले राईस मिलरों पर की गई कार्रवाई

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर आकाश छिकारा ने राइस मिलो के सतत जांच निर्देश दिए है। इसी क्रम में जिले के ग्राम तिलई स्थित राइसमिल मेसर्स मधु इंटरप्राइजेज एवं बैजनाथ फूडप्रोडक्ट (राइसमिल) ग्राम कसौन्धी की जॉच एसडीएम अकलतरा, खाद्य एवं मार्कफेड की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि निरीक्षण के दौरान राइसमिल मेसर्स मधु इंटरप्राइजेज मौके पर बंद पाई गई। जिसके संचालक को मौके पर बुलाया कर ताला खोलकर मिल की जॉच की गई। खाद्य अधिकारी ने बताया कि मिलर की यह जवाबदारी होती है कि मिल को चालू हालत में बनाए रखने की शर्त पर मिल को कस्टम मिलिंग हेतु अनुबंधित किया गया था। परन्तु मिलर द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य में रूचि नहीं लेते हुए मिल परिसर बंद रखा गया था। राइस मिल में 726 बोरा कुल 290.40 क्वि धान कोई भी वैध दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं करने के कारण मौके पर जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि छ0 ग0 कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिकाओं का स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने पर प्रोपराइटर मधु अग्रवाल और संचालक राहुल अग्रवाल के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है।

इसी प्रकार बैजनाथ फूडप्रोडक्ट (राइसमिल) ग्राम कसौन्धी का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जांच में अनियमितता पाए जाने के कारण बैजनाथ फूडप्रोडक्ट (राइसमिल) ग्राम कसौन्धी में 60 क्विंटल धान की जप्ती की गई। कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही बरतने वाले मिलरो के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की 3/7 के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## दो दिन पहले बिगड़ी व्यवस्था से सबक नहीं , फिर लगा सड़क पर जाम

**चांपा।** बीटीआई चौक से लेकर खोखसा ओवरब्रिज तक तीन किलोमीटर तक वाहनों की कतार लगी रही। अव्यवस्था का खामियाजा ना सिर्फ जनता को भुगतना पड़ा बल्कि कलेक्टर भी जाम में फंसे दिखे। शाम को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ के चलते चांपा मार्ग में नहर पुल के पास से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। यातायात व्यवस्था बनाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।


**कार्यालय तहसीलदार भोथिया**
**जिला -सक्ती (छ.ग.)**
**-: ईश्तहार :-**
रा.प्र.क्र. 202409312500039/ 2023-24
साकिन- बर्रा

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाबूलाल चन्द्रा जाति चंद्रा साकिन बर्रा तहसील भोथिया जिला सक्ती (छ.ग.) ने अपने पिता सोनसाय चन्द्रा पिता शिवप्रसाद मृत्यु दिनांक 20.02.2010 के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 15.10.24 के पूर्व अपनी दावा/आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.09.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

(सील) **तहसीलदार**
**भोथिया**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**



**कार्यालय तहसीलदार भोथिया**
**जिला -सक्ती (छ.ग.)**
**-: ईश्तहार :-**
रा.प्र.क्र. 202409312500040/ 2023-24
साकिन- बर्रा

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाबूलाल चन्द्रा जाति चंद्रा साकिन बर्रा तहसील भोथिया जिला सक्ती (छ.ग.) ने अपनी पत्नी बुन्दाबाई पति बाबूलाल मृत्यु दिनांक 10.01.2011 के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 15.10.24 के पूर्व अपनी दावा/आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.09.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

(सील) **तहसीलदार**
**भोथिया**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**


## एथलेटिक्स में कामाक्षी को मिला कांस्य पदक

**रिगनी।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में खेल स्पर्धा कराई गई। इसमें तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल की आठवीं की छात्रा कामाक्षी भारद्वाज ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में कांस्य पदक प्राप्त किया। कामाक्षी भारद्वाज छाया सांसद रवि परसराम भारद्वाज की बेटी हैं। विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत प्रधान ने इस पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उत्साहवर्धन के लिए ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इसकें लए शारीरिक दक्षता की आवश्यकता पड़ती है और खेल ही एक महत्वपूर्ण साधन है। इससे शारीरिक और मानसिक रूप से दक्ष बन सकते हैं।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन जिले में ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं'' योजना अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 02 अक्टूबर 2024 से 11 अक्टूबर 2024 तक (10 दिवसीय) कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। बालिकाओं को अधिक अवसर प्रदान के महत्व पर प्रकाश डालना और बालिकाओं द्वारा शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, भेदभाव, हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा में आने वाले असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रतिदिन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि आज माँ दुर्गा के षष्ठम् रूप मां कात्यायनी (स्वास्थ्य की देवी) जिनका संदेश रोग और कमजोर शरीर के साथ कभी सफलता हासिल किया नहीं जा सकता के तहत् बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पकरिया (झूलन) में जन समस्या निवारण में विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह, पूर्व सांसद कमला देवी पाटले, पूर्व विधायक सौरभ सिंह, कलेक्टर आकाश छिकारा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोषण एवं स्वास्थ्य की देवी कात्यायनी एवं छत्तीसगढ़ महतारी के रूप प्रदर्शन किया गया। बेटियों के विभिन्न रूपों को उजागर करते हुये बालिकाओं द्वारा डॉक्टर, इंजीनियर, राजनेत्री, वकील आदि वेशभूषा धारण कर अपने लक्ष्य को प्रदर्शित किया गया। बेटियों को सामाज में प्राप्त अवसर मिलने पर बेटियां हर क्षेत्र में सफलता अर्जित कर सकती है यह संदेश दिया गया। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत बेटियों को प्रोत्साहित करने हेतु कक्षा 10 वीं की छात्रा तान्या कश्यप तथा कक्षा 8 वीं में उत्कृष्ट



प्रदर्शन के लिये अंशु कश्यप को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यकम में नवरात्रि के षष्ठम् दिवस पर मां कात्यायनी जो पोषण तथा स्वास्थ्य की देवी है उनके रूप का प्रदर्शन करते हुये आमजनों को भोजन में मिलेट्स का उपयोग करने हेतु संदेश तथा उन्हें मिलेट से होने वाले फायदे के संबंध में अवगत कराया गया एवं मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजनांतर्गत 25 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना अकलतरा, समस्त पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्तायें, सहायिकाओं सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एसआई और आरक्षक पर दिव्यांग ने लगाए आरोप

**जांजगीर-चांपा।** कोतवाली थाने में एसआई व आरक्षक पर एक दिव्यांग महिला ने मारपीट करते हुए रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक से मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र के अनुसार दिव्यांग रेप पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा है कि रायगढ़ निवासी होरीलाल सूर्यवंशी ने उसे शादी का झांसा देकर उसका दैहिक शोषण किया है। शिकायत में कहा है कि इस केश को वापस लेने अन्यथा झूठे केस में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। शिकायत में उसने बताया कि एसआई एवं आरक्षक द्वारा पैसों की मांग की जा रही है। उन्होंने एसआई व आरक्षक पर जांच के नाम पर जबरन उसके घर के पांच मोबाइल को जब्त करने का आरोप भी शिकायत पत्र में लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत बीते 14 सितंबर को पुलिस अधीक्षक से की थी लेकिन मोबाइल वापस नहीं किया गया। पीड़िता ने आई जी से शिकायत करते हुए मोबाइल वापस कराने एवं एसआई और आरक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है।

## चंडी दाई मंदिर में स्वरधारा कार्यक्रम

**जांजगीर।** सिद्ध शक्ति पीठ चण्डी दाई मंदिर तीरथ धाम महंत में शारदीय क्वांर नवरात्रि का आयोजन किया जा रहा है। 9 अक्टूबर को राजनांदगांव के प्रतिष्ठित विष्णु कश्यप की स्वरधारा के 40 कलाकारों द्वारा रात्रिकालीन आयोजन रखा गया है। मंदिर में प्रतिदिन पुरोहित्र, पुजारी और बैगाओं द्वारा विधि विधान से पूजा की जा रही है। मंगलवार को पंचमी तिथि में प्रात: कालीन बेला से चण्डी दाई की विधि विधान से पूजा-अर्चना उपरांत परंपरा अनुसार नींबू की माला से विशेष श्रृंगार किया गया।

# जल जीवन मिशन और केवाईसी कार्यों की वस्तु स्थित जानने मौके पर पहुंचे जिले के अधिकारी

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने ग्राम तिलई में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलई पहुँच कर स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने प्रसव रजिस्टर, मरीज भर्ती पंजी, हाई रिस्क पंजी, दवाई भंडार पंजिका की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित मरीजों से स्वास्थ्य केंद्र में दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने ओपीडी कक्ष, दवाई कक्ष, भंडार कक्ष, विभिन्न वार्डों का अवलोकन करते हुए परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने निर्देशित किया। उन्होंने सभी चिकित्सकों को समय पर उपस्थित होकर मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण करने एवं स्वास्थ्य लाभ पहुचाने कहा।

कलेक्टर छिकारा ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तिलई में आयोजित उल्लास साक्षरता केंद्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अक्षर ज्ञान एवं संख्या ज्ञान से संबंधित सवाल भी किए तथा पढ़ाई के महत्व को बताते हुए नियमित अध्यापन करने की अपील की और पुस्तक का वितरण भी किया। कलेक्टर ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है इसलिए किसी भी उम्र में हम शिक्षा प्राप्त कर सकते है और किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने ग्राम अमरताल में जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया और गांव की जनसंख्या की जानकारी लेते हुए संबंधित एसडीओ को समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम तरौद में पीडीएस दुकान में राशनकार्ड पंजीयन-ईकेवाईसी कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मृत,जीवित व पलायन का वर्गीकृत कर निराकरण करने व आवश्यकतानुसार डोर टू डोर पंजीयन, ईकेवाईसी करने के निर्देश दिए।

## आपात्र व्यक्ति को धनराशि का भुगतान, मामला दर्ज

**पामगढ़।** शिक्षिका की मृत्यु के बाद उसके स्वत्वों का भुगतान नामिनी में अंकित उनके दत्तक पुत्र की जगह अनाधिकृत व्यक्ति को किए जाने के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पामगढ़ शीलू केसरी ने तत्कालीन बीईओ और दो लिपिक सहित एक अनाधिकृत व्यक्ति के विरुद्ध धोखाधड़ी और कूटरचना का अपराध दर्ज करने का निर्देश दिया है।

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में मामलों का किया गया निराकरण

## जनसमस्या निवारण शिविर में 433 आवेदन हुए प्राप्त

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की आवश्यकता एवं समस्याओं के समाधान तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत पकरिया (झू) में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय नागरिक सहित आस-पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 433 आवदेन प्राप्त हुए। शिविर में ही 313 आवेदनों को निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को समय सीमा के लिए दर्ज कराया गया। इस दौरान विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह एवं कलेक्टर आकाश छिकारा सहित अतिथियों ने निरीक्षण किया।

जन समस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से एक मंच में सभी विभागीय योजनाओं को जानकारी मिल रही है और आम जनता की समस्याओं का निराकरण हो रहा है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन देकर निराकरण करा सकते हैं। पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से लोगो की समस्याओं का समाधान हो रहा है। शासन प्रशासन लोगो के घर तक पहुंच रहा है और नागरिक गण अपनी समस्याओं के निदान के साथ ही सरकारी सेवाओं का लाभ ले रहें है। पूर्व विधायक श्री सौरभ सिंह ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से शासन प्रशासन आपके द्वार पहुंच रहा है इससे लोगो में विभागीय योजनाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है और जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से अपनी समस्याओं को निराकरण प्राप्त कर रहें हैं।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि शासन की मंशानुरूप आमजनों की मांग एवं समस्याओं का समाधान करने एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य एवं शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में चलाये जा रहे विभिन्न नवाचारी कार्यक्रम को विस्तार से बताया। कलेक्टर छिकारा ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि शासन-प्रशासन के सभी विभागों को एक जगह उपस्थित होकर आम लोगों की समस्या, जरूरत, मांग को यथा समय समाधान किया जाय ताकि जरूरतमंद व पात्र हितग्राहियों व जनहित के मुद्दे का निराकरण हो सके।

शिविर में कृषि विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आयुर्वेद विभाग आदि द्वारा जानकारी प्रदान की गई। इसी प्रकार गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन, मोटराईज्ड ट्राईसायकल, जाति प्रमाण पत्र का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से बड़ी संख्या में हितग्राहियों को मुख्यमंच से योजनाओं से





लाभांवित किया गया। कलेक्टर ने मौके पर ही किसान सम्मान निधि के संबध में आने वाले आवेदन का निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, एसडीएम अकलतरा विक्रांत अंचल, सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित रहे।

## अनमोल वचन......

एक अच्छा विचार अनेक बुरे विचारों को नष्ट कर सकता है।

## लोग किसके वंश को अपना नेतृत्व सौंपेंगे

कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए। वैसे चर्चा पहले से थी, लेकिन अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने अपने बेटे उदयनिधि मारन को अपना औपचारिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। ठीक उसी तरह जैसे उनके पिता एम। करुणानिधि ने स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी बनाया था। करुणानिधि ने अपनी दूसरी संतानों को भी राजनीति में यथासंभव स्थापित करने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाई। उदयनिधि को उप-मुख्यमंत्री बना दिया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे एक स्वाभाविक घटना के रूप में लिया गया है। यहां तक कि अखिलेश यादव सहित कुछ नेताओं ने उदयनिधि को बधाई भी दी है। अखिलेश खुद अपने पिता का उत्तराधिकार संभाल रहे हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की अजीबोगरीब कहानी है। आज देश का नक्शा लेकर राज्य दर राज्य नज़र डालिए, तो ऐसे उत्तराधिकारी हर जगह नजर आएंगे! ऐसी घटनाएं इतनी आम हो गई हैं कि अब वैसा गुस्सा नजर नहीं आता, जिसकी कभी कांग्रेस को भारी कीमत चुकानी पड़ी थी। जब इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में संजय गांधी को अपने उत्तराधिकारी के रूप में आगे बढ़ाना शुरू किया, तो समाज में उसको लेकर एक तरह की वितृष्णा देखी गई। एक विमान हादसे में संजय गांधी की मौत के बाद जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अपने बड़े बेटे राजीव गांधी को उनकी पायलट की नौकरी छुड़वा कर राजनीति में खींच लाईं, तो यह वितृष्णा और बढ़ी। जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाया गया, तो अनेक लोगों ने कहा था कि यह घटना भारतीय नागरिकों को प्रजा' बना देना है। कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप इस हद तक चढ़ा कि पार्टी की जड़ें कमजोर करने में उसकी प्रमुख भूमिका रही। लेकिन तब जो दल और नेता कांग्रेस को निशाना बनाते थे, मौका मिलते ही वे सियासत में अपना वंश बढ़ाने में जुट गए। भाजपा और कम्युनिस्ट पार्टियां ही शायद ऐसे दल बचे हैं, जहां सर्वोच्च स्तर पर वंश के आधार नेतृत्व तय नहीं हुआ है। हालांकि निचले स्तर पर वहां भी ऐसी मिसालें कम नहीं हैं। इस तरह चुनावी लोकतंत्र में सामंतवाद की वापसी हो गई है। अब चुनावों में सवाल सिर्फ यह रह गया है कि लोग किसके वंश को अपना नेतृत्व सौंपेंगे!

## राशिफल

मेष राशिःआज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यापार को आगे बढ़ाने में जीवनसाथी की मदद मिलेगी। किसी नए प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए आज आप खुद को तैयार रखेंगे। प्रोफेसर्स के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। माता का आशीर्वाद लें, तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे।

वृष राशिः छात्रों के लिए आज का दिन करियर में नया बदलाव लायेगा। अगर आप किसी नये बिजनेस की शुरुआत कर रहे हैं, तो घर के बुजुर्गों की राय जरूर लें। आज हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा। जीवनसाथी को आज कोई जरूरत की वस्तु उपहार देंगे। माँ कात्यायनी का ध्यान करें, कष्टों से मुक्ति मिलेगी।

मिथुन राशिः आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। किसी विशेष कार्य में दोस्तों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। स्टूडेंट्स को कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा। आपको आज धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज अपनी सेहत का खास ख्याल रखे। दुर्गा माँ को गुड़ से बनी चीजों का भोग लगाए रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

कर्क राशिः आज आपका दिन खास रहने वाला है। संतान आपकी बातों से प्रभावित होंगे। किसी उच्च अधिकारी से आपका पहचान होने के कारण सरकारी कार्यों में फायदा होगा। घर के कार्यो को लेकर महिलाओं की जिम्मेदारियां बढ़ेगी। आज आप सोच-विचार में रहेंगे। माता को लाल चुनरी चढ़ाएं, विवाह में आ रही समस्याएं दूर होंगी।

सिंह राशिः आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज आप किसी अनुभवी की राय लेकर कार्य करेंगे तो सफलता मिलेगी। इलेक्ट्रानिक कार्यों से जुड़े लोगों को आज अधिक धन लाभ होगा। कारोबारियो को आज बड़ा मुनाफा होने के योग बन रहे हैं। माता को लौंग अर्पित करें, पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

कन्या राशिः आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। अगर आपका कार्य शिक्षण संस्थान से जुड़ा है, तो आज लाभ होगा। व्यावसायिक प्रगति के लिए दिन अनुकूल है। फोन पर आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से बात होगी, जिससे भविष्य में आपको फायदा जरूर होगा। जरूरतमंद की सहायता करें, समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

तुला राशिः आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी भी काम में जल्दबाजी करने की बजाय धैर्य से काम लेना चाहिए। किसी भी तरह की यात्रा करने से आज आपको बचना चाहिए, बहुत जरुरी हो तभी यात्रा पर जायें। आज ऑफिस के किसी काम में गलतियों को नजर अंदाज ना करे। मां दुर्गा को मिश्री का भोग लगाएं, घर में शांति का माहौल रहेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। कॉन्ट्रैक्ट का कार्य कर रहे लोगों को आज नया कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। ऑफिस के लोग आपके कार्यो की खूब तारीफ करेंगें। इस राशि के फैशन डिजाईनिंग के छात्रों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। मां दुर्गा को खोये का भोग लगायें, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बात किसी खास रिश्तेदार से होगी, उनके साथ कोई व्यापार शुरू करने की बात रखेंगे। आज अपने खर्चों को नियंत्रित करने के लिए नयी योजना बनायेंगे। आज अपना कार्य अच्छी तरह से पूरा करने पर वाहवाही मिलेगी। बंदर को केला खिलाएं, मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

मकर राशिःआज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। करियर को लेकर आज आप कुछ अच्छे फैसले लेंगे। आज आप अपने कार्यों को समय से पूरा करने में सफल होंगे। किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने से पहले घर में विचार विमर्श जरूर करें। मेडिकल की पढाई कर रहे छात्रों को आज किसी बड़े डॉक्टर का सहयोग मिलेगा। हल्दी का तिलक लगायें, पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज उच्च अधिकारियों से परिचय आपके काम आयेगा। करियर में तरक्की के योग बन रहे है। शाम को परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगें। पहले से लिए गए फैसले आपको बेहतर फल देंगे। महिलाए आज शॉपिंग करने में थोडा बिजी हो सकती है। माता के सामने दीपक जलायें, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

मीन राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र में नये विचारों पर अमल करने के लिए दिन अच्छा है। आज जिस कार्यो को करने की सोचेंगें, उसमें कामयाबी मिलेगी। घरेलू कार्यों को पूरा करने में परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आज आपको खुद को साबित करने के कई मौके मिलेंगे।

# भारत के पोषण लाभ और प्रगति को और मजबूत करने और निरंतरता बनाए रखने की दिशा की ओर

//डॉ. राजन शंकर, डॉ. राजन शंकर//

**समग्र कल्याण के लिए अच्छा पोषण बेहद ज़रुरी है और राष्ट्र के स्वास्थ्य और विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। पर्याप्त पोषण मिलने से, खासकर गर्भावस्था के दौरान, जन्म लेने वाले शिशु स्वस्थ होते हैं और उनकी जीवनभर बेहतर स्वास्थ्य के साथ जीवन का आनंद लेने की संभावना ज्यादा होती है। बचपन में उचित पोषण प्राप्त होने का असर बच्चों की बेहतर आईक्यू, उत्पादकता में वृद्धि और वयस्क होने पर बेहतर धन संग्रह पर भी पड़ता है। गर्भाधान के पहले 1,000 दिनों के दौरान पोषण को प्राथमिकता देना, किसी भी पीढ़ी में कुपोषण के चक्र को तोड़ने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। पिछले साल कोपेनहेगन सहमति की एक रिपोर्ट के अनुसार, सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पोषण में निवेश करना सबसे प्रभावी रणनीति है।**

7वां राष्ट्रीय पोषण माह 1 सितंबर से 30 सितंबर, 2024 तक मनाया गया। इस संदर्भ में, यह जानना बेहद ज़रुरी है कि शारीरिक स्वास्थ्य के अलावा भी कुपोषण के दीर्घकालिक प्रभाव देखे जाते है, जो खासकर सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को भी प्रभावित करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में पीएम-पोषण योजना, एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) जैसे विभिन्न मंत्रालयों के सहयोगात्मक प्रयास इसी समझ को दर्शाते हैं।

पोषण में आत्मनिर्भरः आंगनवाड़ी और पोषण वाटिका

महिला और बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) के नेतृत्व में सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 जैसे कार्यक्रम, पोषण परिणामों में सुधार लाने और बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और नर्सिंग माताओं में कुपोषण की चुनौतियों का समाधान करने के मकसद से संस्थागत समर्थन का एक अनूठा मॉडल पेश करते हैं। सक्षम आंगनवाड़ी पहल के तहत, आंगनवाड़ी केंद्र (एडब्ल्यूसी) बुनियादी पोषण सहायता के इतर भी व्यापक सेवाएं प्रदान करते हैं। इन सेवाओं में स्वस्थ भोजन, प्रसवपूर्व और प्रसव के बाद की देखभाल, स्तनपान की प्रक्रिया और पूरक आहार के महत्व पर मार्गदर्शन देना शामिल हैं। अपने नियमित स्वास्थ्य जांच अभ्यासों के ज़रिए, यह कुपोषण और अन्य स्वास्थ्य मुद्दों के लिहाज़ से बच्चों का मूल्यांकन करता है और उचित सहायता प्रदान करता है।

आंगनवाड़ी केंद्रों को बचपन के समय में ही प्रारंभिक विकास को बढ़ावा देते हुए मातृ एवं बाल पोषण प्रयासों में सहायता करके, देखभाल की निरंतरता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कुपोषण से निपटने के लिए नीति निर्माण में डेटा-संचालित समाधान सुनिश्चित करने में होने वाली प्रगति ही पोषण ट्रैकर की शुरूआत है। यह बेहद सक्रिय मंच, पोषण सेवाओं की योजना, निष्पादन और निगरानी में सहायता करता है ताकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुपोषित बच्चों की पहचान कर सकें और सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाया जा सके।

इस योजना के तहत एक अन्य पहल पोषण वाटिका (पोषण उद्यान) की भी शुरुआत की गई है। आमतौर पर आंगनवाड़ी केंद्रों में स्थापित इन किचन गार्डन का मकसद ताजा, स्थानीय रूप से उगाई गई सब्जियां और फल प्रदान करके बच्चों और महिलाओं के पोषण को बेहतर बनाना है। यह पहल न केवल सबसे ज़रुरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता में सुधार करती है बल्कि आत्मनिर्भरता और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देकर समुदायों को सशक्त भी बनाती है। यह खाद्य योजनाओं को स्थानीय कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप बनाने की अनुमति देता है, आहार विविधता और सतत् भोजन लेने की विचारधारा का समर्थन करता है।जलवायु परिवर्तन के बीच खाद्य प्रणालियों की संवेदनशीलता के संदर्भ में भारत ने बाजरा को बढ़ावा दिया है, जो जलवायु के लिहाज़ से बेहतर और ज्यादा पौष्टिक हैं। वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मान्यता प्राप्त, ये फसलें प्रोटीन,ज़रुरी फैटी एसिड, फाइबर, विटामिन बी और प्रमुख खनिजों से भरपूर हैं, जो खासकर महिलाओं और बच्चों में एनीमिया जैसी कमियों को दूर करने में मदद करती हैं। बाजरा पोषण अभियान का एक प्रमुख भाग है और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से किशोर लड़कियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली महिलाओं और छोटे बच्चों को प्रदान किए जाने वाले पूरक पोषण में शामिल है।

पोषण एक बहुक्षेत्रीय मुद्दा है, जिसके लिए बहु-क्षेत्रीय समाधानों की ज़रुरत है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से, कुपोषित बच्चों के प्रबंधन के लिए हाल ही में शुरू किया गया प्रोटोकॉल, बच्चों, खासकर गंभीर रुप से कुपोषण वाले बच्चों में कुपोषण की पहचान करने और उनका प्रबंधन करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। सामुदायिक सक्रियता, नियमित स्क्रीनिंग और निगरानी जैसी ज़रुरी कार्यनीतियों को रेखांकित करते हुए, ये दिशा-निर्देश न केवल एक समग्र दृष्टिकोण को दर्शाते हैं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर कुपोषण के प्रबंधन को कारगर बनाने के लिए, लागत के लिहाज़ से अनुकूल उपाय भी प्रदान करते हैं।

इस कार्यक्रम में जब गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम) वाले बच्चों का चिकित्सा संबंधी समस्याओं के लिए मूल्यांकन किया जाता है, तो ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवस (वीएचएसएनडी) को लेकर अतिरिक्त जांच की जाती है। जटिलताओं या कम भूख लगने की समस्या से ग्रसित बच्चों को पोषणिक पुनर्वास केन्द्रों(एनआरसी) या कुपोषण उपचार केन्द्रों (एमटीसी) भेजा जाता है, जबकि चिकित्सीय जटिलताओं से रहित बच्चों का उपचार आंगनवाड़ी केन्द्रों में किया जाता है। कई राज्यों में, सामुदायिक प्रणाली में गंभीर तीव्र कुपोषण के जटिल मामलों के प्रबंधन पर फोकस करने के लिए ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण दिवस के दौरान फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा और एएनएम के बीच बैठकें भी आयोजित की जाती हैं।

सुधार के अवसर

कुपोषण के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमने एक लंबा सफर तय किया है, लेकिन फिर भी चुनौतियां बरकरार हैं। मौजूदा कार्यक्रमों ने बच्चों में मध्यम और गंभीर तीव्र कुपोषण दर में सुधार और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण संबंधी परिणामों को बढ़ाते हुए एक ठोस नींव रखी है। हांलाकि, विशेष रूप से गैर-गर्भवती और गैर-स्तनपान कराने वाली महिलाओं, खासकर ऐनीमिया जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से पीड़ित किशोरियों के लिए निरंतर कोशिशें होना ज़रुरी है। इस समूह के लिए समर्पित हस्तक्षेप और मंचों की आवश्यकता है।

पोषण से जुड़े परामर्श कई पहलों का अभिन्न अंग है। समुदाय के नेताओं और समुदाय को शिक्षित और प्रशिक्षित करना, स्थानीय सांस्कृतिक संदर्भों के अनुसार संदेशों को तैयार करना और कार्यक्रम के विकास में समुदायों को शामिल करना, पोषण की आदतों में सुधार लाने के लिए बेहद ज़रुरी है। रणनीतियों को खाद्य उपलब्धता, आर्थिक स्थितियों और सामाजिक कारकों को भी संबोधित करना चाहिए, ताकि पोषण सेवाएं सुलभ और व्यावहारिक हो सकें।

सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, सामुदायिक संगठनों और नीति निर्माताओं समेत सभी हितधारकों के बीच सहयोग आवश्यक है। एक सहयोगी और समावेशी दृष्टिकोण, अधिक प्रभावशाली और लंबे समय तक चलने वाले बदलाव को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। भारत ने अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों पर काबू पाने का मार्ग दिखाया है। वर्तमान कार्यक्रम की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, कुपोषण के चक्र को तोड़ने और एक स्वस्थ और अधिक विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ने में पर्याप्त प्रगति की जा सकती है। एक चिकित्सक और सेना मेडिकल कोर से चिकित्सा और एंडोक्रिनोलॉजी में सेवानिवृत्त वरिष्ठ सलाहकार हैं। उन्होंने इससे पहले टाटा ट्रस्ट में पोषण निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दी। टाटा ट्रस्ट में अपनी भूमिका से पहले, डॉ. शंकर ग्लोबल एलायंस फॉर इम्प्रूव्ड न्यूट्रिशन (जीएआईएन) में दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय प्रतिनिधि थे, जहाँ उन्होंने भारत में कार्यक्रम विकास और अनुदान प्रबंधन में योगदान दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने भारत में यूनिसेफ के बाल विकास और पोषण अनुभाग में एक परियोजना अधिकारी के रूप में काम किया। डॉ. शंकर ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में 100 से अधिक वैज्ञानिक पत्र प्रकाशित किए हैं।

# हर नाकामी आपको कामयाबी की अहमियत बताती है

//सुशील कुमार सिंह//

**वाशु भगनानी और जैकी भगनानी पर अनेक लोग उन भुगतान नहीं करने के आरोप लगा रहे हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' को इस साल की सबसे बड़ी फ्लॉप माना गया है। यह इन्हीं पिता-पुत्र की फ़िल्म थी जो हिंदी की सबसे महंगी फ़िल्मों में गिनी जाती है। इसे बनाने पर 350 करोड़ रुपए खर्च हुए, मगर बॉक्स ऑफ़िस पर 100 करोड़ तक पहुंचने में इसका दम फूल गया। उसके बाद से ही भगनानी परिवार पर आरोपों का सिलसिला शुरू हो गया। निचले स्तर के वर्करों से लेकर इस फ़िल्म के निर्देशक अली अब्बास ज़फ़र तक ने कहा कि उनके पैसे नहीं चुकाए गए हैं।**

दिनेश विजन की 'स्त्री-2' अंधाधुंध नहीं चली होती तो हिंदी फ़िल्मों के डिस्ट्रीब्यूटरों और मल्टीप्लेक्स वालों में मुर्दनी सी छायी हुई थी। छिटपुट सफलताओं को छोड़ दें तो कई महीने से ज़्यादातर फिल्में फ़्लॉप हो रही थीं और हताशा बढ़ा रही थीं। अब स्थिति कुछ बदली है, मगर अभी भी, यानी 'स्त्री-2' की अप्रत्याशित कामयाबी के बावजूद 2024 का साल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में पिछले साल से बहुत पीछे है। अगले तीन महीनों में कई बड़ी फिल्में रिलीज़ होने को हैं जिनसे इसकी भरपायी की उम्मीद की जा रही है, लेकिन कौन जानता है कि वे आंकड़ों को सुधारेंगी या और बिगाड़ देंगी।

किसी उद्योग के वास्तविक हालात कभी भी उसके शीर्ष या ऊपरी परत के चेहरों की चमक से नहीं आंके जा सकते। असलियत तो उसके निचले पायदानों पर खड़े लोगों से ही पता चल सकती है। हर उद्योग में ये चेहरे पीछे छिपे होते हैं। किसी फिल्म के पिट जाने पर भी आप उसके हीरो, हीरोइन, निर्माता, निर्देशक आदि को हंसते-मुस्कुराते फ़िल्म की नाकामी या अपनी अगली फ़िल्म के बारे में मीडिया से बात करते देखते हैं। मगर ज़रूरी नहीं कि उसी फ़िल्म के निर्माण में शामिल रहे निचले स्तर के लोगों के लिए इस तरह मुस्कुराना इतना आसान हो।

कई प्रोडक्शन हाउस हैं जो दिहाड़ी वाले वर्करों या छोटे-छोटे अनुबंध वाले लोगों का पैसा, 'बस दो-चार दिन में देते हैं' कह कर वैसे भी टालते रहते हैं। और अगर फ़िल्म रिलीज़ होने तक उन्हें पैसा नहीं मिला और फ़िल्म फ़्लॉप हो गई तब तो उनका भुगतान महीनों तक खिसक सकता है। कमाल यह है कि उनका मेहनताना सबसे कम होता है, मगर सबसे ज़्यादा ख़तरा उसी पर मंडराता है। कहने को इंडस्ट्री में इन लोगों की भी तरह-तरह की एसोसिएशनें हैं जो उनके लिए लड़ने का दावा करती हैं। लेकिन अगर आप ढूंढ़ने निकलें तो एक-एक करके सैंकड़ों ऐसे लोग मिल जाएंगे जिनका पैसा महीनों या सालों से लटका है या फिर जिसकी आस भी उन्होंने छोड़ दी है। मुंबई में लगभग साढ़े पांच लाख लोग फ़िल्म उद्योग से जुड़े बताए जाते हैं। इनमें सबसे बड़ी संख्या इन्हीं वर्गों के लोगों की है।

हमारे कई गंभीर फ़िल्म पत्रकार, जिनकी संख्या बहुत कम बची है, अक्सर शिकायत करते हैं कि इंडस्ट्री में कुछ ऐसे लोग हैं जिनकी प्रतिबद्धता फ़िल्मकारिता के प्रति नहीं है। वे अक्सर घटिया किस्म की फ़िल्में बनाते रहते हैं जो अधिकतर पिटती रहती हैं। फिर भी उनका फ़िल्म बनाना रुकता नहीं। कई बार तो संदेह होता है कि उनके पास इतना पैसा कहां से चला आ रहा है या फ़िल्में पिटने के बावजूद वे इतना पैसा क्यों खर्च किए जा रहे हैं। इनमें से कुछ लोगों के संबंध विदेशों से भी रहते हैं।

वैसे यह कोई नई या आज की बात नहीं है। बिल्डर और ब्रोकर किस्म के लोग तो आज़ादी के पहले से फ़िल्म निर्माण में कूदने लगे थे और उसके बाद भी लगातार रहे हैं। हमारे यहां बनने वाली फ़िल्मों की गिनती और उनमें घटिया फ़िल्मों का प्रतिशत बढ़ाने में सबसे बड़ा हाथ इन्हीं लोगों का रहा है। अगर ऐसे लोग फ़िल्में नहीं बनाते या उनकी बनाई फ़िल्मों को इंडस्ट्री के इतिहास से हटा दिया जाए, तब भी हमारी फ़िल्मों के विकास-क्रम, उसके उल्लेखनीय पड़ावों और फ़िल्मकारी के बार-बार बदलते मुहावरों की गाथा पर कोई असर नहीं पड़ता।

मगर कोई निर्माता किसी भी पृष्ठभूमि से हो, आखिर वह कितना नुक्सान बर्दाश्त कर सकता है। एक के बाद एक फ़िल्में फ़्लॉप होती ही चली जाएं तो एक समय ऐसा आता है जब वह सबका भुगतान कर पाने की हालत में नहीं रहता। क्या वाशु भगनानी और जैकी भगनानी उसी दशा में पहुंच चुके हैं। उनके लिए काम कर चुके अनेक लोग उन पर पूरा भुगतान नहीं करने के आरोप लगा रहे हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' को इस साल की सबसे बड़ी फ्लॉप माना गया है। यह इन्हीं पिता-पुत्र की फ़िल्म थी जो हिंदी की सबसे महंगी फ़िल्मों में गिनी जाती है। इसे बनाने पर 350 करोड़ रुपए खर्च हुए, मगर बॉक्स ऑफ़िस पर 100 करोड़ तक पहुंचने में इसका दम फूल गया।

उसके बाद से ही भगनानी परिवार पर आरोपों का सिलसिला शुरू हो गया। निचले स्तर के वर्करों से लेकर इस फ़िल्म के निर्देशक अली अब्बास ज़फ़र तक ने कहा कि उनके पैसे नहीं चुकाए गए हैं। जफ़र अपने सात करोड़ रुपए बाकी बता रहे थे, पर निर्माताओं ने उलटे उन्हीं पर पैसे के घालमेल का आरोप लगा दिया और कहा कि अबू धाबी सरकार से वहां शूटिंग के लिए जो सब्सिडी मिली थी वह जफ़र ने अपने पास रख ली। फिर भगनानी नेटफ़्लिक्स पर 47 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे। जवाब में नेटफ़्लिक्स ने कहा है कि पैसे तो हमारे वाशु भगवानी पर बकाया हैं। यह सब चल ही रहा था कि उनकी पिछली फ़िल्म 'मिशन रानीगंज' के निर्देशक टीनू देसाई ने भी बकाये की मांग उठा दी।बताया जाता है कि निचले स्तर के कई लोगों के पैंसठ लाख रुपए जैसे-तैसे चुका दिए गए। मगर तभी पता लगा कि भगनानी परिवार ने पिछले दो साल से अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया है। फिर ख़बर आई कि वाशू भगनानी ने देनदारियां चुकाने के लिए अपना दफ़्तर बेच दिया है जिसे तोड़ कर अब वहां एक लग्जरी रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट बन रहा है। अपना दफ़्तर अब वे एक छोटे से फ्लैट में ले गए हैं और अपने करीब दो-तिहाई कर्मचारियों की उन्होंने छंटनी कर दी है। दिलचस्प बात यह है कि 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज़ से पहले, बल्कि जनवरी से ही, उन्होंने छंटनी शुरू कर दी थी। और छंटनी का क्या है, देश भर में कोई भी कंपनी जब चाहे छंटनियां करती रहती है। उसकी मर्ज़ी। वाशु भगनानी साहब ने अपनी पत्नी पूजा के नाम से 1986 में अपनी फ़िल्म प्रोडक्शन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट बनाई थी। शुरू में इसने केवल डिस्ट्रीब्यूशन का काम किया और नौ साल बाद अपनी पहली फ़िल्म 'कुली नंबर वन' बनाई जिसमें गोविंदा थे और डेविड धवन का निर्देशन था। यह फ़िल्म चल गई तो कई साल तक वाशु भगनानी नंबर वन के पीछे पड़े रहे। मतलब उन्होंने 'हीरो नंबर वन' भी बनाई और 'बीवी नंबर वन' भी। ये फिल्में भी हिट रहीं। अपने उन्हीं अच्छे दिनों में वाशु भगनानी ने अमिताभ बच्चन और गोविंदा को लेकर 'बड़े मियां छोटे मियां' बनाई थी। उसका निर्देशन भी डेविड धवन ने किया।

## तस्वीरों की दुनिया




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के दौरान अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्रदान करती हुई।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के लाडवा भाजपा चुनाव कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय में जलेबी बनाई।



चेन्नई के ताम्बरम वायु सेना स्टेशन पर भारतीय वायु सेना दिवस की 92वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय वायु सेना के जवान मार्च पास्ट करते हुए।



तोशाम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार श्रुति चौधरी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत के बाद भिवानी में रोड शो किया।

# गीता की धरती पर सत्य की जीत, पीएम मोदी बोले- कांग्रेस और उसके चट्टे-बट्टे भारत को कर रहे कमजोर

**नईदिल्ली, 09 अक्टूबर [एजेंसी]।**

हरियाणा में तीसरी बार सत्ता में वापसी और जम्मू-कश्मीर में अच्छे प्रदर्शन के लिए कार्यकर्ताओं व जनता का अभिनंदन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को खूब आड़े हाथों लिया। कांग्रेस पर समाज में जाति का जहर घोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा के जनादेश की गूंज दूर-दूर तक जाएगी। यह गीता की धरती पर सत्य, विकास और सुशासन की जीत है। जम्मू-कश्मीर में भाजपा को अन्य दलों की तुलना में सर्वाधिक वोट मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वहां लोकतंत्र और संविधान की जीत हुई है। हरियाणा की तरह कई राज्यों में बार-बार भाजपा सरकार बनने का उल्लेख करते हुए तंज कसा कि कांग्रेस के लिए ज्यादातर राज्यों में नो-एंट्री का बोर्ड लग गया है।सत्ता पर जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाली कांग्रेस की हालत सत्ता के बाहर जल बिन मछली जैसी हो जाती है। प्रधानमंत्री ने भारत के सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र की आशंका जताते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके चट्टे-बट्टे इस खेल में शामिल हैं।चुनाव परिणाम घोषित होने



के बाद भाजपा मुख्यालय में आयोजित आभार कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने फिर कमाल कर दिया है और कमल-कमल कर दिया है। हर जाति-वर्ग के लोगों ने हमें वोट दिया है। जम्मू-कश्मीर में भी दशकों के इंतजार के बाद आखिरकार शांतिपूर्वक चुनाव हुए। वोटों की गिनती हुई, नतीजे आए, यह भारत के संविधान और लोकतंत्र की जीत है। जम्मू-कश्मीर में नेकां-कांग्रेस गठबंधन को ज्यादा सीटें मिली हैं, लेकिन वोट प्रतिशत के हिसाब से देखें तो वहां जितनी भी पार्टियां चुनाव लड़ रही थीं, उनमें भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बार-बार भाजपा को सत्ता मिलने वाले राज्यों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां-जहां भाजपा सरकार बनाती है, वहां की जनता लंबे समय तक उसे समर्थन देती है।

दूसरी तरफ कांग्रेस को 13 वर्ष पहले सिर्फ असम में दोबारा सत्ता मिली थी, उसके अलावा जनता ने कहीं भी कांग्रेस को दूसरा मौका नहीं दिया। जनता ने उसे एक बार राज्य से निकाल दिया तो फिर घुसने नहीं दिया।पीएम ने कहा कि सरकार में नहीं रहने पर कांग्रेस की हालत जल बिन मछली जैसी हो जाती है, इसलिए सरकार में आने पर देश-समाज को दांव पर लगाने से नहीं हिचकती। आज देश देख रहा है कि कांग्रेस कैसे हमारे समाज में जाति का जहर घोलने पर उतर आई है। जो लोग सोने का चम्मच लेकर पैदा हुए, जो पीढ़ी दर पीढ़ी फाइव स्टार लाइफ जीते आए हैं, वह गरीब को जाति के नाम पर लड़वाना चाहते हैं।पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने दलितों-पिछड़ों पर सबसे ज्यादा अत्याचार किया। कांग्रेस का परिवार दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों से नफरत करता है। हरियाणा में भी दलितों को भागीदारी देने से इन्कार कर दिया। कांग्रेस ने डंके की चोट पर कहा कि आरक्षण खत्म कर देंगे। दलितों-पिछड़ों का आरक्षण छीनकर वह अपने वोटबैंक को देना चाहती थी।प्रधानमंत्री ने गंभीर आरोप लगाया कि कांग्रेस अराजकता फैलाकर देश को कमजोर करना चाहती है, इसलिए अलग-अलग वर्गों को भड़का रही है, आग लगाने की कोशिश कर रही है। किसानों को भड़काने का प्रयास किया, लेकिन वहां के किसानों ने करारा जवाब दिया कि वे देश और भाजपा के साथ हैं।

दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों को भड़काने की कोशिश की, लेकिन समाज ने इस षड्यंत्र को भी पहचाना।पीएम मोदी ने कहा कि सेना को लेकर दुष्प्रचार किया, नौजवानों को भड़काया। इस साजिश को भी हरियाणा के नौजवानों ने नकारते हुए संदेश दिया कि देशविरोधी राजनीति नहीं चलेगी। कांग्रेस को परजीवी की संज्ञा देते हुए तंज कसा कि हरियाणा में वह अकेली थी तो उसे करारी हार मिली। लोकसभा चुनाव नतीजों में भी दिखा कि उसने जितनी सीटें जीती, उनमें से आधी से अधिक अपने सहयोगियों की वजह से जीतीं। जहां सहयोगियों ने उस पर भरोसा किया, उनकी ही नैया डुबो दी।प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ऐसी परजीवी है, जो सहयोगियों को ही निगल जाती है।

# हरियाणा में क्यों हारी कांग्रेस, कहां हुई चूक

**नईदिल्ली, 09 अक्टूबर [एजेंसी]।**

हरियाणा चुनाव के नतीजों ने राजनीतिक पंडितों ही नहीं, कांग्रेस को भी हतप्रभ कर दिया है और शायद इसलिए पार्टी परिणामों को सहज रूप से स्वीकार करने को तैयार नहीं है। मगर सियासी वास्तविकता यह भी है कि हरियाणा में अति आत्मविश्वास ने कांग्रेस की चुनावी रणनीति ऐसी बिगाड़ दी कि लगभग जीती बाजी मान रही पार्टी को कड़वी हार मिली है।अति आत्मविश्वास के कारण चुनावी खेल बिगड़ने का पार्टी के लिए यह पहला उदाहरण नहीं है बल्कि पिछले एक साल में हरियाणा समेत तीन राज्यों में विजय की दहलीज से पराजय के पाले में गई है। पिछले साल के आखिर में छत्तीसगढ और मध्य प्रदेश के चुनावों में हरियाणा जैसे अति आत्मविश्वास ने ही पार्टी की नैया डुबोई थी।हरियाणा नतीजों से यह भी साबित हो गया है कि चाहे कमलनाथ, अशोक गहलोत हों या भूपेंद्र सिंह हुड्डा पुराने दिग्गजों के चेहरे पर लगातार दांव लगाते रहना कांग्रेस के लिए भारी पड़ रहा है। वैसे कांग्रेस के हरियाणा में हुड्डा युग की छाया से बाहर निकलने के साहस की परख तो भविष्य में उसके कदमों से होगी मगर परिणामों ने सूबे की सत्ता सियासत में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के दौर की वापसी का रास्ता लगभग बंद कर दिया है।कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला को नेतृत्व की दौड़ से बाहर करने के लिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा तैयार की गई यह सियासी रणनीति इस लिहाज से उनके हक में रही कि कांग्रेस नेतृत्व को भी यह भरोसा हो चला कि हरियाणा में सत्ता का ताला खोलने के लिए हुड्डा की चाबी ही चलेगी। इसका नतीजा ही रहा कि पार्टी हाईकमान ने चुनाव को सौ फीसद हुड्डा के हवाले कर दिया और टिकट बंटवारे से लेकर चुनाव प्रचार अभियान के संचालन तक सब कुछ उनके नियंत्रण में इस तरह रहा कि सैलजा जैसी वरिष्ठ नेता लगभग घर बैठ गईं। रणदीप सुरजेवाला कैथल में अपने बेटे के प्रचार अभियान तक ही सीमित रह गए। पार्टी के 89 उम्मीदवारों में से करीब 72 हुड्डा की पसंद थे। कांग्रेस के अति आत्मविश्वास की बानगी इससे भी जाहिर होती है ।

# सीसीटीवी कैमरा बंद कर पति ने कर दी पत्नी की हत्या, बेटा बोला- मम्मी फोन पर बात करती थी तो पापा गुस्साते थे



**कानपुर, 09 अक्टूबर [एजेंसी]।**

अंबेडकर नगर में सोमवार देर रात पति ने घर के सीसी कैमरे बंद कर पत्नी के सिर पर भारी वस्तु से वार कर हत्या कर दी। देर रात 12 वर्षीय बेटे की नींद खुली तो बिस्तर पर मां-पिता नहीं दिखे। दूसरे कमरे में जाने पर मां को गल्ले से भरी बोरियों पर खून से लथपथ पड़ा देख चीख पड़ा। गुजैनी थाने की पुलिस, फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। दिवंगत के पिता ने पति व बेटे, दो जेठ-जेठानी समेत लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस हत्यारोपी की तलाश कर रही है। कानपुर देहात के शिवली थाना क्षेत्र के कोडवा गांव निवासी 33 वर्षीय पूजा उर्फ पुष्पांजलि अग्निहोत्री की शादी वर्ष 2011 में गुजैनी के अंबेडकर नगर निवासी किराना कारोबारी हरिशंकर अग्निहोत्री से हुई थी, जिनसे 12 वर्षीय बेटा कुशाग्र है। हरिशंकर के मकान की पहली मंजिल पर किराएदार मिथिलेश तिवारी का परिवार रहता है, जबकि बगल में भाई प्रेमशंकर और उनके बगल के मकान में भाई करुणाशंकर अग्निहोत्री का परिवार रहता है। मिथिलेश ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। पूजा मोबाइल पर ज्यादा बात करती थी, लेकिन किससे करती थी ये नहीं पता। हरिशंकर रात में देर से और शराब पीकर आते थे। इन्हीं कारणों से विवाद चार साल से होता देख रही हूं। सोमवार रात भी पति-पत्नी में विवाद हुआ था।इसके बाद, देर रात कुशाग्र रोते हुए घर से बाहर निकला और बगल में अपने ताऊ के घर का गेट खटखटाने लगा। वे लोग बाहर निकले तो बताया कि मां खून से लथपथ पड़ी हैं। इसके बाद परिवार के अन्य लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना देकर पूजा को एलएलआर अस्पताल ले गए।

सुबह करीब चार बजे पता चला कि उसकी मौत हो गई है। मामले में दिवंगत पूजा के मायके वाले पहुंचे और पति समेत परिवार के लोगों पर बेटी को पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगा हंगामा करने लगे। गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि पिता की तहरीर पर पति हरिशंकर, बेटे कुशाग्र, जेठ करणाशंकर और प्रेमशंकर, दोनों जेठानी, ननद सावित्री, भांजा हीरू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। दिवंगत के दोनों जेठ से पूछताछ की जा रही है।घटनास्थल पर हत्या करने के लिए प्रयुक्त वस्तु नहीं मिला है। पति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीम लगी है। सीसी कैमरे की मदद से उसकी तलाश की जा रही है। घर पर लगे कैमरों की डीवीआर बंद है।उसमें पासवर्ड पड़ा है। एक्सपर्ट को बुलाकर उसे खुलवाया जाएगा।घटना के बाद हरिशंकर के घर पर ताला लगा दिया गया।

# हिरासत से भागा नाबालिग हत्यारोपी, परेशान दो ASI ने की आत्महत्या, रेलवे स्टेशन के पास मिले शव




**जालंधर, 09 अक्टूबर [एजेंसी]।**

हत्या के नाबालिग आरोपी के फरार होने से परेशान दो एएसआई ने आदमपुर रेलवे स्टेशन के पास जहर निगलकर जान दे दी। सोमवार रात आठ बजे उनका शव मिला। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि दोनों एएसआई की हिरासत से सोमवार दोपहर को नाबालिग फरार हो गया था। शाम तक तलाश करने के बाद भी जब वह हाथ नहीं आया तो संभावित कार्रवाई के डर से दोनों एएसआई ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। होशियारपुर के सदर थाने में तैनात एएसआई जीवन सिंह और पुलिस लाइन में तैनात प्रीतम सिंह सोमवार को बाल सुधार गृह से दो नाबालिग आरोपियों को पेशी के लिए कपूरथला लेकर गए थे। एक नाबालिग पर हत्या और दूसरे पर दुष्कर्म का आरोप है। दोनों को पुलिस की गाड़ी में कपूरथला ले जाया गया था। उस गाड़ी का चालक एएसआई हरजिंदर सिंह था।

पेशी के बाद वापस होशियारपुर जाते समय आदमपुर के पास पानी की बोतल लेने के लिए गाड़ी रोकी गई। इसका फायदा उठाकर हत्या का नाबालिग आरोपी गाड़ी का दरवाजा खोलकर फरार हो गया। दूसरे आरोपी को चालक एएसआई हरजिंदर सिंह आदमपुर थाने ले गया, जबकि एएसआई जीवन सिंह और प्रीतम सिंह फरार नाबालिग की तलाश में जुट गए।दोनों ने आरोपी का पीछा करने के लिए एक युवक की मोटरसाइकिल ली और रेलवे स्टेशन की ओर निकल गए। देर शाम तक जब दोनों एएसआई वापस नहीं आए तो पुलिस की टीम ने उनकी तलाश शुरू की। दोनों के शव आदमपुर रेलवे स्टेशन के पास मिले।

# सरकारी पैसों के लिए भाई-बहन ने की शादी सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट की सच्चाई

**हाथरस 09 अक्टूबर।** दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में सिकंदराराऊ के मोहल्ला गढ़ी बुद्धू निवासी दो विवाहिताओं की फिर से शादी व एक रिश्ते के भाई बहन की शादी का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में विगत में तीन सदस्यीय कमेटी द्वारा जांच गठित कर अपात्रों से दिए गए सामान को रिकवर कर लिया गया था। यहां तक कि समाज कल्याण विभाग की ओर से जांच अपात्र पाए जाने के बाद मिलने वाले 35 हजार रुपये की धनराशि को रोक दिया गया था। सोशल मीडिया पर फिर से वायरल होने के बाद फिर से मामले ने सुर्खियां पकड़ ली हैं।15 दिसंबर 2023 को हाथरस महोत्सव में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया था। इसमें 217 जोड़ों की शादी कराई गई थी।

# दिल्ली में 400 यूनिट के बाद भी शून्य आएगा बिजली बिल, सोलर पैनल लगाने पर एक माह में मिलेगी सब्सिडी

**नईदिल्ली, 09 अक्टूबर [एजेंसी]।**



दिल्ली सौर ऊर्जा नीति 2023 के अंतर्गत रूफटाप सोलर पैनल लगवाने वाले उपभोक्ताओं को एक माह के अंदर सब्सिडी की राशि दे दी जाएगी। मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को ऊर्जा विभाग और बिजली वितरण कंपनियों के अधिकारियों के साथ इस नीति के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक की।उन्होंने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन राशि (जीबीआई) और मुख्य सब्सिडी एक माह में देने का आदेश दिया। एक सप्ताह में सब्सिडी को लेकर दिशा निर्देश एक सप्ताह में जारी कर दिया जाएगा।दिल्ली सौर ऊर्जा नीति 2023 इस वर्ष मार्च में अधिसूचित हुई थी। उसके बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के कारण इसका क्रियान्वयन की प्रक्रिया धीमी रही है। दिल्ली सरकार पूरे देश में जीबीआई देने वाली अकेली सरकार है।इसके अंतर्गत प्रति यूनिट उत्पादन पर तो उपभोक्ताओं को जीबीआई मिलता है। इसे उनके बिजली बिल सब्सिडी में जोड़ दिया जाता है। यदि कोई उपभोक्ता खपत से अधिक बिजली उत्पादन करता है तो उसे एक सप्ताह में उसके बैंक अकाउंट में बिजली कंपनियां इससे जुड़ी सब्सिडी ट्रांसफर कर देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, दिल्ली को पूरे भारत में सौर ऊर्जा अपनाने के मामले में अग्रणी बनाने के सात गैर-सब्सिडी वाले आवासीय उपभोक्ताओं के बिजली बिलों को शून्य और औद्योगिक उपभोक्ताओं का बिजली का बिल 50 प्रतिशत तक कम करना इस नीति का लक्ष्य है।मार्च 2027 तक दिल्ली की कुल स्थापित सौर क्षमता को मौजूदा क्षमता 1500 मेगावाट से तीन गुना बढ़ाकर 4,500 मेगावाट करना है। इससे 2027 तक दिल्ली की बिजली खपत का लगभग 20 प्रतिशत सौर ऊर्जा से आएगा।दिल्ली में 200 यूनिट बिजली निश्शुल्क और 201 से 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वालों का आधा बिल आता है। उपभोक्ता दो किलोवाट का रूफ टाप सोलर पैनल लगवाता है तो उसे लगाने में 90 हजार रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इसके बाद उस उपभोक्ता का बिजली का बिल शून्य आने लगेगा और उसका हर महीने 1370 रुपये बचने लगेंगे। इसके अलावा, दिल्ली सरकार हर महीने 700 रुपये जीबीआई देगी। इससे चार वर्षों के अंदर 90 हजार रुपए का निवेश वसूल हो जाएगा। सोलर पैनल कम से कम 25 साल चलते हैं। प्रोत्साहन राशि पांच वर्षों तक मिलेगी।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
''मिनी रत्न कम्पनी''
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांक/एसईसीएल/कुस/क्षेत्र/भू.रा./2024/1204 — दिनांक 27.09.2024

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम खोड़री के 120.959 हे. की भूमि का अर्जन सी.बी.ए. एक्ट (ए एण्ड डी) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है, जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर. एण्ड आर.) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा के) concept के आधार पर 113 भू-स्वामियों/आश्रितों की पात्रता बनती है, जिसमें से 01 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधोलिखित तालिकानुसार है:-

| क्र. | स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खसरा नम्बर | रकबा (हे. में) | कुल रकबा (हे. में) | उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध | भूस्वामियों/नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी/उम्मीदवार का नाम: विभिन्न दस्तावेज | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम | विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकुमार, कोमलसिंह, संजय कुमार, अजय कुमार पिता विशालसिंह कंवर | 95/3<br>95/4<br>225/7<br>225/10<br>337/3 | 0.174<br>0.174<br>0.190<br>0.190<br>0.048 | 0.776 | अमित कुमार पिता राजकुमार (संबंध-पुत्र/भतीजा) | नामांकन पत्र | राजकुमार, कोमल सिंह, अजय कुमार पिता विशाल सिंह, संजय कुमार पिता विशाल सिंह (फौत पश्चात वारिसान – पुष्पलता, ना.बा. दुर्गेश ना.बा. दीपेश पिता संजय कुमार | अमित कुमार पिता राजकुमार | खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है। |
| | | | | | | सत्यापन | राजकुमार, कोमल सिंह, अजय कुमार, संजय कुमार पिता विशाल सिंह, संजय कुमार पिता विशाल सिंह (फौत) वारिसान–ना.बा. दुर्गेश, ना.बा. दीपेश पिता संजय कुमार, पुष्पलता पति संजय कुमार | अमित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | घटते क्रम सूची के अनुसार क्र. 29 | राजकुमार,कोमलसिंह,संजय कुमार, अजय कुमार पिता विशालसिंह कंवर | —— | |
| | | | | | | स्टेटमेंट 1 A | राजकुमार,कोमलसिंह,संजय कुमार, अजय कुमार पिता विशालसिंह कंवर | —— | |
| | | | | | | बी–1 वर्ष 2017 | राजकुमार कोमल सिंह संजय कुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | —— | |
| | | | | | | बी–1 वर्ष 2022-23 | राजकुमार कोमल सिंह संजय कुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | —— | |
| | | | | | | पी–2 वर्ष 2016-17 से 2020-21 | राजकुमार कोमल सिंह संजय कुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | —— | |
| | | | | | | पी–2 वर्ष 2022-23 | राजकुमार कोमल सिंह संजय कुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | —— | |
| | | | | | | ऋण पुस्तिका | राजकुमार कोमलसिंह संजयकुमार अजयकुमार पिता विशालसिंह | —— | |
| | | | | | | वंशवृक्ष | राजकुमार, कोमल सिंह, अजय कुमार, संजय कुमार (फौत) पत्नि पुष्पलता, पुत्र दुर्गेश, दीपेश | अमित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | निवास प्रमाण पत्र | —— | अमित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | जाति प्रमाण पत्र | —— | अमित कुमार पिता राज कुमार | |
| | | | | | | शैक्षणिक प्रमाण पत्र | —— | 10TH - AMIT KUMAR S/O RAJ KUMAR DOB - 27.02.1992<br>12TH - AMIT KUMAR S/O RAJ KUMAR<br>BE(Electrical and Electricals) - AMIT KUMAR S/O RAJ KUMAR<br>M.Tech - AMIT KUMAR S/O RAJ KUMAR | |
| | | | | | | रोजगार पंजी | —— | अमित कुमार पिता राजकुमार | |
| | | | | | | आधार कार्ड | राज कुमार पिता विशाल सिंह, कोमल सिंह पिता विशाल सिंह कंवर, अजय कुमार कंवर पिता विशाल सिंह, पुष्पलता पति स्व. संजय कुमार | अमित कुमार पिता राज कुमार | |
| | | | | | | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा द्वारा जारी पत्र क्रमांक 3097 दिनांक 23.08.2023 के अनुसार | राजकुमार, कोमल सिंह, संजय कुमार, अजय कुमार पिता विशाल सिंह, संजय कुमार (फौत) – विधिक वारिसान ना.बा. दुर्गेश कुमार कंवर, ना.बा. दीपेश कुमार पिता संजय कुमार, पुष्पलता कंवर पति संजय कुमार | | |
| | | | | | | मृत्यु प्रमाण पत्र | संजय सिंह कंवर पिता विशाल सिंह कंवर | | |

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र मे प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

SECL.24-25.192

स्टाफ अधिकारी (भू-राजस्व), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

# एसएससी की परीक्षा में सेंध, कक्ष निरीक्षक ने पर्ची से कराई नकल, सीसीटीवी में कैद हुई तस्वीरें

**कानपुर।** महाराजपुर स्थित ऑनलाइन परीक्षा केंद्र में एसएससी की एमटीएस परीक्षा के दौरान एक अभ्यर्थी के पास से पर्ची मिली है। जांच में सीसी फुटेज में कक्ष निरीक्षक उसे पर्ची देते दिख रहा है। तलाशी में मिली पर्ची से प्रश्नों का उत्तर जैसा कुछ लिखा था। दोनों को महाराजपुर पुलिस के हवाले कर थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा लिखे जाने की बात कह रही है। महाराजपुर में हाथीपुर मोड़ स्थित इआन डिजिटल जोन ऑनलाइन परीक्षा केंद्र में मंगलवार को एसएससी की एमटीएस परीक्षा चल रही थी। परीक्षा टीसीएस कंपनी करा रही है। प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान सीसी कैमरों से निगरानी कर रहे कर्मचारी को एक अभ्यर्थी के पास पर्ची दिखी। वह पर्ची को पढ़ रही थी। कर्मचारी ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी। कक्ष में जाकर गोरखपुर के डाढ़ाडीह निवासी अभ्यर्थी अनन्या सिंह की जांच की गई तो एक पर्ची उसके पास से बरामद हुई। टीसीएस के परीक्षा अधिकारी कमल कुमार ने बताया कि अभ्यर्थी के पास से बरामद पर्ची में प्रश्नों के उत्तर जैसा लिखा पाया गया। इसके बाद सीसी फुटेज खंगाले गए तो कक्ष निरीक्षक महाराजपुर फत्तेपुरवा निवासी मनु सिंह पर्ची को अभ्यर्थी को देते देखा गया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस आरोपी अभ्यर्थी व कक्ष निरीक्षक को थाने ले जाकर पूछताछ करती रही। मंगलवार देर शाम परीक्षा एजेंसी टीसीएस के अधिकारी कमल कुमार ने आरोपी अभ्यर्थी व कक्षनिरीक्षक के खिलाफ तहरीर दी।

# दिल्ली में डेंगू से तीन लोगों की मौत, एक 9 साल का बच्चा और किशोर भी शामिल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में डेंगू से तीन लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है। इसमें नौ वर्षीय बच्ची के साथ ही 16 साल के किशोर और 51 वर्षीय एक व्यक्ति शामिल है। निगम ने बीते सप्ताह हुई डेथ ऑडिट रिपोर्ट कमेटी में इन तीनों में डेंगू से मृत्यु को पुष्ट कर दिया है। वहीं, राजधानी दिल्ली में शनिवार को समाप्त हुए एक सप्ताह में डेंगू के 485 नए मरीजों की पुष्टि हुई है।

इससे राजधानी डेंगू के मरीजों ने दो हजार का आंकड़ा पार कर दिया है। डेंगू के मरीजों की कुल संख्या 2115 हो गई है तो वहीं मलेरिया के 81 नए मरीजों के साथ कुल मरीजों का आंकड़ा 511 हो गया है। जो कि बीते वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। इसकी चिकनगुनिया के 14 नए मरीजों के साथ कुल मरीजों का आंकड़ा 69 हो गया है। पांच वर्ष में यह भी इस वर्ष सर्वाधिक है। एमसीडी की डेथ ऑडिट रिपोर्ट कमेटी के एक सदस्य ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि तीन लोगों की मृत्यु डेंगू से हुई है। इसमें बुद्ध विहार की रहने वाली नौ वर्षीय बच्ची और सैनिक फार्म के रहने वाले 51 वर्षीय व्यक्ति व संगम विहार के 16 वर्षीय किशोर की डेंगू से मृत्यु अगस्त-सितंबर के बीच में हुई थी।निगम के पास इसकी रिपोर्ट आई थी, जिसमें मानकों के आधार पर हमने तीनों मृत्यु को डेंगू से माना है।

### पृथ्वी के वायुमंडल पर लौटा इसरो के पीएसएलवी-37 रॉकेट का ऊपरी हिस्सा, रिकॉर्ड 104 सैटेलाइट किए गए थे लांच

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को कहा कि पीएसएलवी-37 रॉकेट का ऊपरी हिस्सा यानी पीएस4 पूर्वानुमान के अनुरूप पृथ्वी के वायुमंडल में लौट गया है। इस रॉकेट से वर्ष 2017 में रिकॉर्ड 104 उपग्रहों को लांच किया गया था।पीएसएलवी-सी37 को 15 फरवरी, 2017 को कार्टोसैट-2डी और 103 अन्य उपग्रह के साथ प्रक्षेपित किया गया था। उपग्रहों को उनकी कक्षा में पहुंचाने के बाद रॉकेट का ऊपरी हिस्सा (पीएस4) लगभग 470 3 494 किलोमीटर आकार की कक्षा में रहा। इसकी नियमित रूप से निगरानी की गई और इसकी ऊंचाई धीरे-धीरे कम हुई।सितंबर 2024 से नियमित रूप से कक्षीय ऊंचाई कम होने की निगरानी की गई। पीएस4 छह अक्टूबर को वायुमंडल में लौटा। प्रक्षेपण के आठ वर्षों के भीतर रॉकेट के हिस्से के वायुमंडल में पुनः प्रवेश, अंतर-एजेंसी अंतरिक्ष मलबा समन्वय समिति (आईएडीसी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप है। निर्देशों के अनुसार मिशन के बाद पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में निष्क्रिय वस्तु को 25 वर्षों तक ही रहना चाहिए।

### बंद आवास के बाहर नोटिस किए जा रहे चस्पा

# एसईसीएल के 73 आवासों में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों का कब्जा

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की श्रमिक कालोनी के आवासों में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा एक बार फिर बेदखली की कार्रवाई करने कंपनी आवासों का सर्वे कराया जा रहा है। वहीं एसईसीएल प्रबंधन कंपनी आवासों को अतिक्रमण मुक्त करने बेदखली की नोटिस देना भी प्रारंभ कर दिया है। अभी तक करीब चार दर्जन अतिक्रमणकरियो को नोटिस दी जा चुकी है। वर्तमान में कराए जा रहे सर्वे के दौरान 73 शासकीय, पुलिस अधिकारी व कर्मचारियो के कंपनी आवासों में अवैध रूप से निवास करने की पुष्टि हुई है।

एसईसीएल की श्रमिक कालोनियों में स्थित कंपनी आवासों के साथ ही कंपनी के स्वामित्व की भूमि में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण कर बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी करने को लेकर हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सितंबर 2016 में निर्णय सुनाया और एसईसीएल प्रबंधन को अतिक्रमणकरियो के विरुद्ध निर्धारित समय सीमा में बेदखली की कार्रवाई करते हुए कंपनी के आवासों एवं उसके स्वामित्व की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के पालनार्थ क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा अभियान चलाकर डेढ़ सौ से अधिक कंपनी के आवासों को अतिक्रमणमुक्त कराया भी गया था। उसके बावजूद काफी संख्या में पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी तथा कर्मचारियों के अलावा अनाधिकृत



बाहरी लोग एसईसीएल के आवासों में अवैध रूप से रह रहे हैं। इतना ही नहीं जिला प्रशासन द्वारा आवंटित एसईसीएल के आवासों में रह रहे शासकीय सेवकों से आवासों की किराया वसूलने प्रबंधन ने किराया राशि निर्धारित कर किराया राशि की वसूली करने पूर्व में उन्हें नोटिस भी थमाया था। नोटिस में इस बात का भी उल्लेख किया गया था कि किराया राशि की अदायगी नहीं करने पर आवास आवंटन निरस्त करने के साथ ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, लेकिन बाद में क्षेत्रीय प्रबंधन की यह कार्रवाई टांय टांय फिस्स हो गई।फिर शुरू हुआ सर्वे, नोटिस भी हो रही जारी-इधर कंपनी आवासों में अतिक्रमण को लेकर कंपनी मुख्यालय से जारी निर्देश के बाद एक बार फिर क्षेत्रीय प्रबंधन एक्शन मोड में नजर आ रहा है। कंपनी के सुरक्षा विभाग द्वारा एसईसीएल की आवासीय कालोनियों में डोर टू डोर पहुंचकर कंपनी आवासों में रहने वाले परिवारों की जांच पड़ताल कर सर्वे किया रहा है। बड़ी संख्या में कंपनी आवासों में अवैध रूप से रहने वालों की जानकारी मिलने से प्रबंधन परेशान नजर आ रहा है। अभी तक किए गए सर्वे में 73 में प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों के अवैध रूप से कब्जा कर रहने की जानकारी सुरक्षा विभाग को प्राप्त हुई है। इस बात की सुरक्षा विभाग ने भी पुष्टि की है। इसके अलावा भी बड़ी संख्या में गैर कालरी कर्मियों ने कंपनी आवासों में कब्जा कर रखा है। इधर सुरक्षा विभाग ने बेदखली की कार्रवाई करने चार दर्जन से अधिक अतिक्रमण कार्यों को नोटिस भी जारी कर दी है। जिन आवासों में ताला बंद है, उन आवासों के बाहर नोटिस चस्पा करने की भी कार्रवाई जारी है। चार करोड़ से अधिक किराया राशि की नही हुई वसूली-संबंधित सूत्रों की माने तो कंपनी के आवासों में अवैध रूप से रह रहे बाहरी लोगों के अलावा जिला प्रशासन द्वारा आवंटित एसईसीएल के आवासों में रह रहे शासकीय सेवकों से वसूल की जाने वाली राशि डेढ़ करोड़ रुपये से बढ़कर चार करोड रुपए से अधिक हो गई है।

प्रबंधन को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक से 10 लाख रुपए से अधिक किराया राशि वसूल करनी है। लंबे समय पूर्व किराया राशि वसूली के लिए एसईसीएल प्रबंधन द्वारा जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया था, उनमें एक एएसआई से करीब साढ़े आठ लाख रुपए, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं कोषालय अधिकारी से सात लाख रुपए से अधिक की राशि, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं से करीब पौने सात लाख रुपए की किराया राशि वसूल किया जाना था। इनके अलावा प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अनेक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी की गई थी। किराया वसूली का मामला बाद में ठंडा बस्ते में डाल दिया गया। फरवरी 2018 में किराया राशि वसूलने के लिए क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा जारी नोटिस बेअसर रही।

## अग्निवीर भर्ती के संबंध में कार्यशाला का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के दिशानिर्देशों में अलग-अलग विकासखंड में शासकीय हाईस्कूल एवं महाविद्यालय में भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में बिलासपुर से आये पैरा कमांडो स्पेशल ट्रेनर पुरुषोत्तम चंद्र के द्वारा अग्निवीर थल सेना भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी छात्र छात्राओं को दी गई। सेना भर्ती से होने वाले लाभों के बारे में अधिक से अधिक संख्या में छात्र छात्राओं को भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया। शारीरिक मापदंड और योग्यता की जानकारी दी साथ ही उनके द्वारा भारतीय सेना से जुड़कर प्रदेश, देश एवं संपूर्ण राष्ट्र में ख्याति प्राप्त कर विशिष्ट नागरिक की उपाधि मिलने संबंधी महत्व को समझाया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य एवं प्राध्यापक व कर्मचारी सहित छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से बीमा अभिकर्ता के पद पर हुये चयनित

**सूरजपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा 24 सितंबर को कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक भारतीय जीवन बीमा निगम एल.आई.सी. इंश्योरेंस कॉर्पोरेट लिमिटेड अंबिकापुर के द्वारा बीमा अभिकर्ता के लिए 50 पदों के लिए भर्ती हेतु कैम्प लगाया गया था। कैंप में 14 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जिसमें 03 लोगों का बीमा अभिकर्ता के पद पर चयनित किया गया है।

## 11 तक आजीवन सदस्य सूची पर कर सकते है दावा आपत्ति

**सूरजपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी सूरजपुर में प्रबंध समिति का गठन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में सीईओ सह जनरल सेक्रेटरी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर द्वारा निर्देश जारी किया गया है। प्रबंध समिति के गठन की प्रक्रिया हेतु भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा सूरजपुर के 386 आजीवन सदस्यों की सूची का प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सूचना पटल पर 08 अक्टूबर को किया गया है। यदि किसी सदस्य को आपत्ति हो तो 11 अक्टूबर समय सायं 05 बजे तक अपना दावा आपत्ति संबंधी आवेदन मय सदस्यता रसीद सहित जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी। 11 अक्टूबर के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण कर आजीवन सदस्यों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जायेगा। जिसके आधार पर निर्वाचन के द्वारा प्रबंध समिति के गठन की कार्यवाही की जायेगी।

## साहब, मन्नत का मुर्गा चोरी कर लिया पड़ोसी ने, कार्रवाई कीजिए



**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के लुंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम लमगांव निवासी फहीमुद्दीन का मन्नत का मुर्गा चोरी हो गया। फहीमुद्दीन को संदेह है कि पड़ोसी ने मन्नत के मुर्गे की चोरी की है। इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने वे नजदीक के रघुनाथपुर पुलिस चौकी गए थे लेकिन कथित रूप से सुनवाई नहीं हुई। मंगलवार को फहीमुद्दीन अंबिकापुर पहुंच गया। यहां पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत कर कहा - साहब मेरे मन्नत के मुर्गे की चोरी की गई है। चोरी करने वाले पर कार्रवाई की जाए। पुलिस ने आवेदन की जांच शुरू कर दी है। लमगांव निवासी फहीमुद्दीन का पड़ोसी से जमीन संबंधित विवाद है। फहीमुद्दीन का आरोप है कि उनकी पैतृक जमीन पर पड़ोसी अपना अधिकार जताता है। अभी फहीमउद्दीन का मुर्गा चोरी हो गया है और उन्हें शक पड़ोसी पर ही है। फहीमुद्दीन का कहना है कि मुर्गा मन्नत का था। बेटे का शादी होने की मन्नत पूरी होती तो मुर्गा चढ़ाया जाता, लेकिन उसके पहले ही मुर्गा चोरी कर लिया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि शिकायतकर्ता फहीमुद्दीन का पड़ोसी ताज मोहम्मद के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जमीन संबंधित प्रकरण व्यवहार न्यायालय में विचाराधीन है। इसी बीच मुर्गा चोरी हो जाने की शिकायत सामने आई है। शिकायत की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# नगरीय निकायों में सभी आधारभूत अधोसंरचनाओं के निर्माण की दिशा में करें कार्य:कलेक्टर

### नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने नगरीय निकाय की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिसमें नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के सीएमओ, अभियंता और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस समीक्षा बैठक में स्वच्छता कार्यक्रम, पीएम आवास योजना के क्रियान्वयन, राजस्व वसूली, यूजर चार्ज कलेक्शन और अवैध नल कनेक्शन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा उन्होंने भविष्य को लेकर नगरों के विकास की दिशा में निर्देश दिए। उन्होंने भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए सभी सीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों के लिए इंडोर, आउटडोर स्टेडियम, रनिंग ट्रैक, बैडमिंटन कोर्ट, लाइब्रेरी जैसे आधारभूत संरचनाओ को विकसित करने की दिशा में कार्य करें।

बैठक में श्री व्यास ने सभी नगरीय निकायों में सौंदर्यीकरण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सभी गतिविधियों को बेहतर तरीके से लागू करने एवं तालाब, चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के साथ साफसफाई और ज्यादा बेहतर करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण के लक्ष्य को शत प्रतिशत में पूर्ण करने के निर्देश दिए। पीएम आवास को लेकर लापरवाही करने पर उन्होंने सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन और नगरीय निकाय के लिए राजस्व वसूली प्राथमिकता वाला कार्य है। जिले का निरंतर विकास हो इसके लिए उन्होंने संपत्ति व समेकित कर के साथ-साथ जल कर, दुकानों का किराया, यूजर चार्ज इत्यादि की वसूली सख्ती से करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि निकाय के कार्यों में सकारात्मक सहयोग न मिलने पर सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अवैध होर्डिंग और अतिक्रमण पर भी सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर श्री व्यास ने जिले के नगरीय निकाय में आवारा पशुओं के प्रबंधन को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सड़कों पर घुमन्तु पशुओं का जमावाड़ा न लगे इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करें। इसके अलावा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के क्रियान्वनय के संबंध में विस्तृत चर्चा कर, स्वास्थ्य सुविधा और बेहतर करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान कार्ड निर्माण, पौधरोपण की स्थिति, अधोसंरचना निर्माण की स्थिति, सुग्घर वार्ड कार्यक्रम अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के क्रियान्वयन सहित अन्य विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## बच्चे पर कुत्ते ने किया हमला

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर के प्रधान डाकघर मार्ग में कुत्ते ने बालक पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से बच्चे के हाथ, सिर और पीठ में जख्म है। कुत्ते के हमले के दौरान मार्ग से एक बुजुर्ग साइकिल से गुजर रहा था। उसी ने कुत्ते को भगाकर बच्चे की जान बचाई। अंबिकापुर के जेल रोड निवासी सैलून संचालक दिलीप ठाकुर का बेटा दिव्यांशु (छह) केजी कक्षा में पढ़ता है। रविवार को डाकघर के पास भंडारा वितरित हो रहा था। दिव्यांशु भी भंडारा का प्रसाद लेने गया था। उसका भाई साइकिल चलाते हुए आगे निकल गया, तो दिव्यांशु फल मंडी के पास उसका इंतजार कर रहा था। इसी दौरान एक कुत्ता वहां पहुंचा। अचानक उसने दिव्यांशु पर हमला कर दिया।अचानक हुए इस घटनाक्रम से दिव्यांशु गिर गया। कुत्ते ने उसे दोबारा काटा। उसी दौरान एक बुजुर्ग साइकिल से जा रहा था। उसने शोर मचाया तो कुत्ता वहां से भाग गया। यह घटना नजदीक के दुकान में लगे सीसी कैमरे में भी कैद हुआ है बच्चे को एंटी रैबिज के इंजेक्शन लगवाया जा रहा है। अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में कुत्ता काटने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है।इंसानों के साथ मवेशियों के छोटे बच्चों को भी कुत्तों के झुंड निशाना बना रहे हैं।वर्ष 2024 में मेडिकल कालेज अस्पताल में कुत्ता काटने से पीड़ित 2543 लोग आ चुके हैं। इनमें से अधिकांश मामले शहरी क्षेत्र के हैं। अंबिकापुर निगम क्षेत्र में कुछ वर्ष पहले नगर निगम की ओर से कुत्तों का बधियाकरण अभियान चलाया गया था। उसके बाद से यह अभियान ठंडा पड़ा है। शहर में कुत्तों की संख्या भी बड़ी है।

# महिला की हत्या के बाद पहाड़ी कोरवा समाज ने शराबबंदी का लिया निर्णय

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के बतौली विकासखंड के सुदूर ग्राम बोरवाबोदार में शराबी पति द्वारा पत्नी की हत्या करने की घटना ने कोरवा समाज को झकझोर दिया है। हत्या का कारण नशा था, इसलिए समाज आगे आया है। कोरवा समाज ने पूरे गांव में नशा छुड़ाने न पिएंगे न पीने देंगे की शपथ ली है। इसके लिए गांव के ही एक शिक्षक मानसाय ने ग्रामीणों को समझाइश दी। उन्होंने कहा कि नशा ने पूरे परिवार को बर्बाद किया है, इसलिए इस गांव के एक-एक कोरवा परिवार शपथ लें कि वह आज से शराब नहीं पिएगा। शिक्षक की बात सभी ने मान ली है। गांव में रविवार को समाज की बैठक में संकल्प लिया गया है कि गांव को नशा मुक्त बनाएंगे।

बोरवाबोदार में शराब के नशे में पति द्वारा पत्नी की डंडे और लोहे की राड से पीट-पीट कर 18 सितंबर को हत्या की गई थी।इस हृदय विदारक घटना से एक परिवार उजड़ गया।



मृतका के चार बच्चे अनाथ हो गए।इस घटना को लेकर पहाड़ी कोरवा समाज कल्याण समिति सरगुजा के तत्वावधान में चिपरकाया बोरवाबोदार में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पहाड़ी कोरवा समाज के उत्थान को देखते हुए समाज में फैले कुरीतियों को हटाने के साथ ही पूरे गांव में पूर्ण रूप से शराब बंदी का संकल्प लिया गया है। इसके साथ ही बैठक में नशा से मुक्ति, शिक्षा में जोर देते हुए अपने बच्चे को स्कूल भेजना, समाज में स्वच्छता का ध्यान रखना, जंगल बचाना प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई है।बैठक में नानसाय, रामचंद्र यादव,पूर्व सरपंच मोतीलाल,नेतराम, वैशाखू राम, केश्वर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। बैठक के बाद दो दिन से गांव में शराब पूरी तरह बंद है। शिक्षक मानसाय ने बताया कि गांव के लोगों ने स्वमेव शराब को त्याग दिया है। अब इसका प्रभाव आसपास के पांच अन्य गांव में भी पहुंच रहा है। हम सब समाज के लोग आसपास के ग्राम परसाडांड़,घंटाडीह,करदना, बेसरापानी, बागपानी,गोविन्दपुर में यह संदेश पहुंचा रहे हैं।

## जालसाज का एक और कारनामा

**बिश्रामपुर।** 35 दिन में रकम दोगुनी करने का झांसा देकर नगर के एक ठेकेदार से दस लाख रुपये की ठगी करने और पैसा मांगने पर जान से मार देने की धमकी देने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपित अशफाक उल्लाह समेत उसके पिता जरीफ अल्लाह एवं शाहरुख अंसारी के विरुद्ध धारा 420, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। सितंबर माह में भी कोतवाली पुलिस ने अंबिकापुर के एक कारोबारी से 30 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने ग्राम सोनपुर निवासी अशफाक उल्लाह समेत उसके पिता एवं जीजा के विरुद्ध न्याय संहिता की धारा 318 के तहत जीरो में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया था।

## मुनाफे का लालच देकर पांच करोड़ की ठगी, निवेशकों का आरोप- कंपनी ने कई राज्यों के लोगों को लगाया चूना

**अंबिकापुर।** निवेश पर बेहतर लाभांश का लालच देकर कथित कंपनी है जेक्स फंड जिसने बाद में नाम बदलकर लुकोस इंटरनेशनल और उसके बाद फ्रिक मार्केट कर दिया गया था जिसके द्वारा पांच करोड़ रुपये की ठगी कर लिए जाने का आरोप निवेशकों ने लगाया है। मामले में सरगुजा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कंपनी द्वारा देश भर में कई हजार करोड़ की ठगी का आरोप है। कई राज्यों में आपराधिक प्रकरण भी पंजीकृत किया गया है।




सोमवार को सरगुजा व जशपुर जिले के निवेशकों ने पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल से मुलाकात की। निवेशकों ने बताया कि निवेश पर 10 प्रतिशत का लाभांश प्रतिमाह देने का वादा किया गया था। पहले जिस कंपनी के नाम पर निवेश कराया गया था,बाद में उस कंपनी का नाम बदल दिया गया। कंपनी से जुड़े अधिकारियों ने भारत सरकार से मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थान होने का दावा भी किया था। देश भर में इसका करोबार था। आश्वासन दिया गया था कि किसी प्रकार कोई हेरा-फेरी नहीं होगा। बिना किसी शंका के राशि जमा कर सकते है। सरगुजा संभाग के निवेशकों से लगभग पांच करोड रुपए की ठगी की गई है। देश के कई राज्यों में निवेशकों द्वारा कंपनी के विरुद्ध अपराध पंजीकृत कराया जा रहा है।इसी सिलसिले में सरगुजा के निवेशकों ने भी पूरे प्रकरण की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की है। सरगुजा पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि शिकायत मिली है। इसकी जांच कराई जा रही है। निवेशकों ने पांच करोड़ की ठगी की बात कही है। दस्तावेजों की जांच में स्थिति स्पष्ट होगी। कितना निवेशकों ने जमा किया है कितनी राशि उन्हें वापस मिली है,इसकी जांच में ही वास्तविक आंकड़ा सामने आएगा।जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## चेन स्नेचिंग करने वाला गिरोह गिरफ्तार, दो कार जब्त

**लखनपुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान महिला श्रद्धालुओं का चैन स्नैचिंग करने वाले गिरोह का पुलिस ने राजफाश कर दिया है। मामले में पुलिस ने कुल नौ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ये सभी जांजगीर-चांपा जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरसत्ती के रहने वाले हैं। किराए के दो कार में लखनपुर आकर इन्होंने भागवत कथा स्थल से चैन स्नेचिंग की थी। इनके पास से घटना में प्रयुक्त दो कार जब्त किया गया है।

लखनपुर में श्रीमद भागवत कथा के दौरान 27 सितंबर की शाम खुशबू साहू, परमेश्वरी साहू, संतोषी देवी, किरण अग्रवाल के गले से सोने के चैन और मंगलसूत्र की चोरी कर ली गई थी।सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं की पहचान सुनिश्चित की गई। मामले में पुलिस ने रेणू धमदे (45) , मंजू बाई (47), किरण डेढे (30),हसीना बाई (60), चिरैया बाई पुरहोले (37), सुनीता बाई (42), पुत्तम कुमार धमदे (45), संजू बाई (50 ),उषा हतागिले (35) को गिरफ्तार किया है। ये सभी जांजगीर जिले के अकलतरा थाना के पीपरसत्ती के रहने वाले है। पुलिस जांच में पता चला कि घटना दिवस को यह सभी दो अलग-अलग कार में आए थे। लखनपुर में भागवत कथा में भीड़भाड़ देखकर चेन स्नेचिंग की योजना बनाई थी। प्रसाद वितरण के बाद मौका देखकर इन्होंने महिलाओं के गले से सोने का चैन और मंगलसूत्र निकाल लिया था । कार्रवाई में लखनपुर थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, प्रधान रक्षक रवि सिंह ,प्रवीण चंद्र तिवारी, गणेश कदम ,आरक्षक दशरथ राजवाड़े ,जितेंद्र शांडिल्य, उमाशंकर साहू ,जानकी राजवाड़े महिला आरक्षक मनिता तिग्गा प्रियंका सक्रिय है।

## अधेड़ की मौत

**रायपुर।** नहर पुलिया सकरी विधानसभा में अज्ञात वाहन की टक्कर से सायकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक नेतराम धीवर 52 ग्राम तुलसी बाराडेरा का रहने वाला था।

# कार लॉक होने से फंसे युवक की मौत, बदबू फैली तो पता चला

**प्रतापपुर।** शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात गैरेज के किनारे खराब स्थिति में खड़ी एक कार क्रमांक सीजी 07 एनए 4414 में घुसे युवक की कार से बाहर न निकल पाने के कारण दम घुटने से मौत हो गई। प्रतापपुर थाना अंतर्गत चंद्रेली निवासी किरण पंडो 22 सेमई गांव में स्थित अपनी बुआ के घर पर रहता था। शुक्रवार की शाम को वह अपनी बुआ के घर से निकला था तभी से उसका कुछ अतापता नहीं चल रहा था।

इसी बीच सोमवार को प्रतापपुर-चंदौरा मार्ग पर स्थित छोटू गैरेज के किनारे खड़ी एक खराब कार से तेज बदबू आनी शुरू हुई। इसके बाद गैरेज के मालिक छोटू मिस्त्री ने कार के पास जाकर देखा तो



उसमें एक स्टेयरिंग के पास वाली सीट पर एक युवक बैठा दिखाई दिया। युवक की मौत हो चुकी थी। यह सब देखकर उसने तत्काल प्रतापपुर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को देखते हुए सबसे पहले फोरेंसिक टीम को बुलाया। इसके बाद लाक स्थिति में पड़े कार के गेट को तोड़ा गया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की।

युवक के शव को कार से बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रतापपुर पुलिस ने घटनास्थल के पास लगा सीसी कैमरा खंगाला तो पता चला कि किरण पंडो (मृतक) शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात कार के गेट को खोलकर अंदर घुसता है। कार में लगे आडियो टेप को खोलने का प्रयास करता है। इस दौरान उसके हाथों में एक पेचकस व दो अन्य वाहनों के आडियो टेप भी दिखाई देते हैं। संभवत: इसी बीच कार लाक हो गई होगी जिसके कारण वह बाहर नहीं निकल पाया होगा और दम घुटने से उसकी मौत हो गई होगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक (मृतक) आडियो टेप की चोरी करने कार में घुसा होगा। क्योंकि उसके पास से दो अन्य वाहनों के आडियो टेप व पेचकस मिला है। हालांकि अभी युवक की मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। युवक की मृत्यु दम घुटने से हुई है या किसी और कारण से यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया है।

## नाबालिग को अर्धनग्न कर डंडे से पीटा

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर शहर में एक नाबालिग की बेरहमी से पिटाई की गई। एक घर के छत पर ले जा उसके कपड़े उतरवा कर पीटा गया। इस घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित होने के बाद पुलिस ने अपराध पंजीकृत किया है। नाबालिग पर गांजा पीने का आरोप लगाकर मारपीट किए जाने की बात कही की जा रही है। पिटाई के दौरान ही किसी ने वीडियो बना लिया था। बाद में उसे प्रसारित कर दिया गया। गांधीनगर थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि नाबालिग से मारपीट और वीडियो प्रसारित करने के मामले में विनय चौबे और सोम राय नामक दो युवकों के विरुद्ध नामजद तथा दो अन्य युवकों के विरुद्ध अपराध पंजीकृत किया गया है। पीड़ित द्वारा दर्ज शिकायत के मुताबिक वह दोस्तों के साथ था। उसी दौरान मारपीट करने वाले युवक आए। उन्होंने गांजा सेवन करने का आरोप लगाकर उसे अपने साथ ले गए। शहर के मुक्तिपारा मोहल्ले के एक घर की छत में ले जाकर उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके आधे कपड़े भी उतरवा दिए गए थे। प्रसारित वीडियो में भी पीड़ित बालक , आरोपितों से छोड़ देने की गुहार लगा रहा था लेकिन आरोपित डंडे से उसकी पिटाई कर रहे थे। मारपीट का वीडियो आने के बाद कांग्रेस ने इसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया है।

* **रायपुर।** डीडीनगर और विधानसभा थाना पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 65 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 590 रुपए जब्त किया है।

## मकान से नकदी 1 लाख 35 हजार पार

**रायपुर।** विजय शॉप गली स्टेशन रोड गंज स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नकदी 1 लाख 35 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी किशोर कुमार तामतानी विजय शॉप गली स्टेशन रोड गंज का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात महिला ने प्रार्थी के घर में प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 1 लाख 35 हजार रुपए पार कर दिया।

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** खमतराई और उरला थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। ग्राम रानीसागर निवासी बेनीराम साहू 64 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएम 3476 को ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में शहीद नगर बीरगांव निवासी प्रार्थी संजय कुमार साहू 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 25 डी 9915 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# आयोजन एवं समारोह स्थल पर एसडीएम, सिटी मजिस्ट्रेट पुलिस के साथ समन्वय बनाकर जिले में लॉ एण्ड ऑर्डर को बनाए रखें : कलेक्टर

## आगामी तीन माह में जिले में डीएमएफ से जिले में 200 करोड़ के बनेंगे पुल-पुलिया, रोड

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। उन्होंने इस माह नवरात्रि पर्व, दशहरा तथा दीपावली एवं अन्य पर्व को देखते हुए एसडीएम सहित सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों में होने वाले विभिन्न आयोजनों एवं कार्यक्रमों के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने तथा किसी प्रकार की अनहोनी को रोकने वे आयोजन स्थल पर जाकर आवश्यक व्यवस्था देखें और पुलिस के साथ समन्वय बनाकर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखें। कलेक्टर ने नवरात्रि एवं दशहरा त्यौहार के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने तथा लोगों के आने जाने के लिए बनाए गए रास्ते एवं बैठक व्यवस्था आदि का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई और सेतु विभाग को निर्देशित किया कि क्षेत्र में पुल-पुलिया, रोड की जरुरत के अनुसार जनप्रतिनिधियों से अनुशंसा कराकर पुल-पुलिया और रोड का प्रस्ताव तैयार करें। इस हेतु सम्पूर्ण जिले में 200 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि जिले में डीएमएफ से मानदेय के आधार पर होने वाली 263 अतिथि शिक्षको की भर्ती 15 दिनों के भीतर पूर्ण की जाए। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के युवाओं को



नौकरी देने पश्चात् समय पर वेतन उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित टीएल के प्रकरणों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में गैस का कनेक्शन उपलब्ध कराने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, स्कूलों एवं आंगनबाड़ी में 20 अक्टूबर तक गैस से भोजन पकाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने डीपीओ एवं डीईओ को स्कूल तथा आंगनबाड़ी में गैस से भोजन पकाने के मॉनिटरिंग के लिए सब डिविजनल लेवल पर कमिटी बनाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने जिले में डीएमएफ से स्वीकृत सभी विद्यालयों को आचार सहिंता लगने से पूर्व 30 नवंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि 01 दिसंबर के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में कोई भी अति महत्वपूर्ण कार्य लंबित न रहे इसलिए महत्वपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने के कार्यों में प्रगति लाएं।

उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने लगाए जा रहे शिविर की समीक्षा करते हुए एसडीएम व जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि अक्टूबर तक शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। कलेक्टर ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को देखते हुए आवश्यक कार्य कराने तथा 100 से अधिक विद्यार्थियों की संख्या वाले हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में साइकल स्टैण्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्यों में प्रगति लाएं। उन्होंने शासकीय कार्यों के लिए दी गई राशि का गबन करने वाले सरपंचों से वसूली के निर्देश एसडीएम को दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में लगाए गए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में आयी महत्वपूर्ण मांगों के संबंध में चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने की दिशा में कार्य किया जाए।

उन्होंने पुल-पुलिया, सड़क मार्ग तथा अन्य मांगों का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में बाजार शेड निर्माण, हॉस्टल तक पहुंच मार्ग, वृद्धाश्रम, पीएम जनमन, विद्युत विहीन ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था, सामुदायिक भवन सह ऑफिस कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, आवास मित्रों की भर्ती प्रक्रिया, पेंशन एवं आधार सीडिंग, आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर भर्ती सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी जिला पंचायत सीईओ व निग आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ कटघोरा श्री कुमार निशांत, अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## दूरस्थ क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने डीएमएफ से 54 लाख से अधिक राशि की दी गई स्वीकृति

### लो-वोल्टेज, सिंगल फेज की समस्या वाले विभिन्न गांवों के पारा-मोहल्ला मजरा टोला होंगे लाभान्वित

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु डीएमएफ मद से 54 लाख से अधिक राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे दूरस्थ इलाकों के विद्युत विहीन क्षेत्र, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की आवश्यकता, लो-वोल्टेज व सिंगल फेज की समस्या वाले विभिन्न गांवों के पारा-मोहल्ला मजरा टोला लाभान्वित होंगे। स्वीकृत कार्यों में संचार संधारण संभाग सीएसपीडीसीएल कटघोरा अंतर्गत ग्राम पसान में 63 केवीए विद्युत वितरण के लिए 01 नग अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने हेतु 7,81,803 रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार ग्राम पाठा के मजराटोला ठाकुदरदेव को विद्युतीकृत करने हेतु 3,88,965 रूपए एवं मजराटोला कोयलारगडरा व भुगजगकछार को विद्युतीकृत करने हेतु 22,16,810 रूपए, ग्राम मेरई के मजराटोला मुड़मिसनी को विद्युतीकृत हेतु 4,20,944 रूपए, ग्राम धनवारा के मजराटोला अमेरकाछार में विद्युत व्यवस्था हेतु 5,04,819 रूपए, ग्राम मेरई के मजराटोला कराडांड को विद्युतीकृत करने हेतु 2,70,957 रूपए, मजराटोला पीढ़ादेव को विद्युतीकृत करने हेतु 4,66,019 रूपए तथा ग्राम तेलियामार के निम्नदाब विद्युत लाइन को सिंगल फेज से थ्री फेज में बदलने हेतु राशि 3,71,040 रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## सौर सुजला योजना से प्रेमसिंह प्रगतिशील किसान के रूप में बना रहे अपनी पहचान

**कोरबा ।** सौर ऊर्जा के उपयोग से कृषकों के उत्पादन क्षमता में वृद्धि के फलस्वरूप उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। सौर सुजला योजनांतर्गत रियायती दर पर किसानों को उपलब्ध हुए सोलर पंप से उन्हें सिंचाई का बेहतरीन विकल्प मिला है। जो किसानों के जीवन की आर्थिक व सामाजिक स्थिति बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही योजना के सफल क्रियान्वयन से कृषकों की मनोवृत्ति में भी परिवर्तन आया है। अब ग्रामीण किसान कृषि के एक सीमित दायरे से निकलकर अन्य मुनाफा देने वाली फसल का उत्पादन कर अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं।

जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के दूरस्थ गांव पतुरियाडाँड़ के किसान श्री प्रेम सिंह पैंकरा ने क्रेडा विभाग की योजना का लाभ लेकर अपने खेत मे सोलर पंप लगवाया है, जिससे उन्हें कृषि कार्य में बहुत सहूलियत मिल रही है। प्रेम सिंह ने बताया कि सोलर पंप लगने के



पूर्व उनके सामने सिंचाई की बड़ी समस्या थी फसलों की सिंचाई के लिए उन्हें अस्थाई बिजली कनेक्शन के माध्यम से व्यवस्था करनी पड़ती थी। अक्सर उनके गांव में कम वोल्टेज की समस्या बनी रहती थी साथ ही खेतों तक बिजली लाइन नही पहुँची थी। जिससे उनके खेत में सिंचाई की कोई अन्य उपाय नहीं था। इस कारण वे बरसात के बाद चाहकर भी अन्य फसल नहीं ले पाते थे।

सोलर पंप के माध्यम से सिंचाई की सुलभ सुविधा को देखकर उन्होंने क्रेडा विभाग में सोलर पंप के लिए आवेदन दिया। आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति एवं राशि जमा करने के साथ ही उनके खेत में 3 एचपी का सोलर पंप लगाया गया। सोलर पंप सूरज की रोशनी से चलती है, इसलिए उन्हें अब बिजली बिल जमा करने का झंझट से निजात और बिजली गुल होने की परेशानी से मुक्ति मिली है। कृषक ने कहा कि सोलर पंप छोटे किसानों के लिए बहुत ही लाभदायक है। इससे सिंचाई की समस्या से छुटकारा मिला है। वर्तमान में वे आत्मविश्वास के साथ वर्ष भर रबी एवं खरीफ की फसलें ले रहे हैं और साल भर धान, मक्का, मिर्च, मटर दलहन, टमाटर सहित अन्य साग-सब्जी की खेती कर अपनी आय में बढ़ोत्तरी कर रहे है। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार आया है एवं वे एक प्रगतिशील किसान के रूप में अपनी पहचान बना रहे है।

## विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु वॉक -इन इंटरव्यू का आयोजन

**कोरबा ।** सामु.स्वा.केन्द्र करतला, पाली, कटघोरा, पोंड़ीउपरोड़ा जिला कोरबा छ.ग. में विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की कमी को ध्यान में रखते हुए एवं चिकित्सा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु तत्कालीन व्यवस्था के तहत् जिला प्रशासन के जिला खनिज न्यास निधि मद के अंतर्गत संविदा नियुक्ति हेतु वाक इन इंटरव्यू आयोजित किया जाता है। जिसके लिए इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ वॉक -इन इंटरव्यू हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन जमा, पंजीयन एवं इंटरव्यू हेतु विज्ञापन जारी करने की तिथि से प्रत्येक सोमवार को निर्धारित समय दोपहर 2.00 बजे से 05.30 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा में वाक इन इंटरव्यू होता रहेगा। यह नियुक्ति पूर्व से निर्धारित , खनिज न्यास अंतर्गत रिक्त पदों के पूर्ण होने तक ही मान्य है।

## सिंचाई कालोनी में रावण दहन की तैयारी

**कोरबा।** विजयादशमी की तैयारी शुरू हो गई है। रावण का पुतला जलाने और रामलीला नाटक करने का निर्णय लेकर पुतला बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इस कड़ी में सिंचाई कॉलोनी रामपुर में तैयारी जोरों पर है। यहां इस साल 20 फीट का रावण बनाया जा रहा है। पुतला दहन के बाद आकर्षक आतिशबाजी होगी।शहर में 12 अक्टूबर को दशहरा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा, समिति के अध्यक्ष पालू राम साहू ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिंचाई कॉलोनी रामपुर दुर्गा पंडाल परिसर में रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस वर्ष रावण दहन के समय आकर्षक आतिशबाजी देखने को मिलेगी पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 20 फीट का रावण बनाया जा रहे हैं

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पदों हेतु दावा-आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा ।** जिले में एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण) अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 01 व सहायिका के 13 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों की मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन पत्रक कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

उक्त के संबंध में दावा आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण) कार्यालय में 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन समय में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् दावा आपत्ति मान्य नहीं होंगे।

## नकिया में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**कोरबा ।** रामपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम नकिया में 09 अक्टूबर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## वसंत ने मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत ने एनटीपीसी अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्घाटन कलेक्ट्रेट परिसर में किया। उन्होंने कोरबा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण एमएमयू को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया और कहा कि इस पहल से कोरबा जिले के दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा और मजबूत होगी। मेडिकल टीम के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को उपचार की सुविधा मिलेगी। एनटीपीसी कोरबा द्वारा नैगम समाजिक दायित्व के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य वंचितों समुदायों को आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट के शुभारंभ अवसर पर श्री राजीव खन्ना, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा; श्री विनोद कोल्हटकर, एनटीपीसी कोरबा अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्री शशि शेखर, एनटीपीसी कोरबा के मानव संसाधन प्रमुख और श्री शशांक छाजेड़, वरिष्ठ प्रबंधक, सीएसआर उपस्थित थे।

यह मोबाइल मेडिकल यूनिट अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है और सामान्य स्वास्थ्य जांच, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण और स्वास्थ्य शिक्षा जैसी सेवाएं प्रदान करेगी। एनटीपीसी कोरबा की सीएसआर टीम यूनिट के संचालन का समन्वय कर जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। श्री शशांक छाजेड़ ने इस परियोजना को वास्तविकता बनाने में शामिल सभी हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागीय अधिकारियों की ली बैठक

### शासकीय उद्यान रोपणी पोड़ीलाफा को मॉडल नर्सरी के रूप में विकसित करने के दिए निर्देश

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्री रामविचार नेताम ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान कटघोरा विश्राम गृह में आदिम जाति विभाग, कृषि, उद्यानिकी सहित अन्य विभाग के अधिकारी की बैठक लेकर अधिकारियों से विभागीय कार्य के संबंध में चर्चा की गई एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, उपसंचालक कृषि, जिला प्रबंधक छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम, सहायक संचालक उद्यान एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री नेताम द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को अपने कार्यालय के सामने विभिन्न योजनाओं की जानकारी बड़े बैनर पोस्टर में लगाने के लिए निर्देशित किया गया। जिससे ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी एवं लाभ मिल सके। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को बालक व बालिकाओं के मॉडल छात्रावास के रूप में एवं डीएमएफ से निर्मित बिल्डिंग का लिस्ट बनाकर लोकार्पण कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कृषि विभाग अंतर्गत पीएम सम्मान निधि योजना के प्रगति पर संतोष जाहिर की गई। उपसंचालक कृषि द्वारा जिले में नए धान खरीदी केन्द्र के मांग के संबंध में कैबिनेट मंत्री को अवगत कराया गया।

मंत्री श्री नेताम ने उद्यान विभाग के समीक्षा करते हुए विकासखण्ड पाली के शासकीय उद्यान रोपणी पोड़ीलाफा को मॉडल नर्सरी के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही रोपणी में पानी, सूक्ष्म सिंचाई जैसे अन्य मूलभूत सुविधाओ का उचित व्यवस्था करने के लिए कहा। उनके द्वारा विकासखंड पाली में अदरक एवं हल्दी की खेती को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने बैगन की फसल को विल्ट बीमारी के प्रकोप से बचाने हेतु ग्राफ्टेड बैगन की खेती करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जिले में एप्पल बेर की खेती हेतु कलस्टर तैयार करने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड करतला में आम के पौधे का बहुत बड़ा क्षेत्र है एवं जिले में भिण्डी, बरबट्टी, बैगन की मुख्यत: खेती की जा रही है। आमजनो को विभागीय योजनाओं से प्राथमिकता से लाभान्वित किया जा रहा है।

## विवेकानंद स्वामी की किताबो का प्रचार प्रसार करने विवेकानंद विचार दर्शन वाहन का नगर में हुआ आगमन

**कोरबा ।** स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित रामकृष्ण मिशन के कोरबा जिला प्रमुख गोपाल अग्रवाल (एमआरबीएल) ने जानकारी देते हुए बताया की रामकृष्ण मिशन की 125वीं वर्षगांठ पर रामकृष्ण मिशन और रामकृष्ण मठ संस्थान द्वारा स्वामी विवेकानन्द की किताबो का जनमानस में प्रचार प्रसार करने हेतु एक विशेष वाहन विवेकानंद विचार दर्शन मोबाइल बुक स्टॉल तैयार किया गया हैं। विवेकानंद विचार दर्शन वाहन कोरबा पहुंची हैं। जिसके अंतर्गत 7 अक्टूबर को कमला नेहरू महाविद्यालय परिसर में प्रदर्शनी लगाई गई और श्रीरामकृष्ण, स्वामी विवेकानंद सही वेदांत साहित्य की पुस्तकों की बिक्री भी की गई। विवेकानंद स्वामी की पुस्तके अंग्रेजी और हिंदी भाषा में उपलब्ध है। यहां कॉलेज के छत्र छात्राओं ने पुस्तकों के प्रति काफी रुचि दिखाई और अपनी पसंद की पुस्तकों का क्रय भी किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी सराहना की।

अग्रवाल ने बताया की मंगलवार 8 अक्टूबर को विवेकानंद विचार दर्शन वाहन की प्रदर्शनी अग्रसेन कन्या महाविद्यालय दर्री रोड कोरबा, बुधवार 9 अक्टूबर को शासकीय EVPG कालेज कोसाबाड़ी कोरबा में लगाई जाएगी यहां प्रदर्शनी का समय सायं 5 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक रखा गया है। 10 अक्टूबर को घंटाघर चौक में सुबह 10 बजे से शाम 4.30 तक विवेकानंद विचार दर्शन वाहन वहां रहेगी, इसी दिन सुभाष चौक/आर.पी. नगर में प्रदर्शनी शाम 5 बजे शाम 8:30 बजे तक रहेगा। 11 अक्टूबर को एनटीपीसी जमनीपाली में सुबह 10 से शाम 4.30 बजे तक विवेकानंद विचार दर्शन वाहन रहेगा।

इसी दिन यह वाहन एसईसीएल कोरबा दुर्गा पंडाल के पास शाम 5 बजे से रात्रि 8.30 बजे रहेगा ताकि लोग साहित्य पुस्तकों का अवलोकन कर सके।

इस वाहन का अंतिम पड़ाव 12 अक्टूबर को बालको नगर में होगा यहां रामलीला मैदान के पास सुबह 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक विवेकानंद विचार दर्शन वाहन उपलब्ध रहेगी।रामकृष्ण मिशन से जुड़े शहर के प्रतिष्ठित नागरिक व समाज सेवी गोपाल अग्रवाल (एमआरबीएल) ने क्षेत्र वासियों से अपील की है की अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शनी का लाभ उठावे।

## लायंस क्लब बालको ने किया श्रमदान

**कोरबा ।** लायंस क्लब बालको 2 से 8 अक्टूबर तक सेवा सप्ताह चला रहा है। इसका शुभारंभ राम मंदिर परिसर बालको से किया गया। अभियान में स्वच्छता के माध्यम से सेवा करना उद्देश्य है। इसके तहत क्लब के सदस्यों, पदाधिकारियों ने साफ-सफाई की। क्लब की ओर से 50 से अधिक बच्चों को टी-शर्ट, टोपी व जरूरी सामान बांटा गया। साथ ही उन्हें स्वल्पाहार भी कराया।

इस दौरान क्लब अध्यक्ष रितेश केडिया, जोन चेयरपर्सन कैलाश नाथ गुप्ता, सोनल शाह, जी.पी. केडिया, सुभाष चंद्र, गिरधर, विपिन प्रसाद आदि सहित अन्य उपस्थित थे।

## एसईसीएल ने लगाए डेढ़ लाख पौधे

**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी एक पेड़ माँ के नामअभियान के अनुरूप, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में अपने परिचालन क्षेत्रों में 1,46,675 पौधे रोपे हैं। यह पहल कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी द्वारा जुलाई 2024 में देश भर के कोयला एवं खान उद्योग के सरकारी उपक्रमों में शुरू किए गए एक पेड़ माँ के नामराष्ट्रव्यापी पौधारोपण अभियान का हिस्सा थी।एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ के 8 जिलों और मध्य प्रदेश के 3 जिलों में 56 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में पौधारोपण अभियान चलाया। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने अपने खनन क्षेत्रों के आस-पास रहने वाले समुदायों को 25,000 पौधे वितरित किए, जिससे पर्यावरण संरक्षण को और बढ़ावा मिला।एक पेड़ माँ के नाम' के तहत वृक्षारोपण प्रयासों को 2024 के स्वच्छता ही सेवा' अभियान के हिस्से के रूप में और मजबूत किया गया। इस अभियान के हिस्से के रूप में, एसईसीएल ने अतिरिक्त 4,200 पौधे लगाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्वच्छता दोनों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बल मिला। SECL की कुसमुंडा खदान, जो दुनिया की चौथी सबसे बड़ी कोयला खदान है, ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 501 लाख टन (50 मिलियन टन) कोयला उत्पादन की उपलब्धि के उपलक्ष्य में एक ही दिन में 501 पौधे लगाकर एक अनूठी उपलब्धि हासिल की। इस पहल ने एसईसीएल के राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ एसईसीएल के हरित विकास को बढ़ावा देने के प्रण को मजबूती दी।कोयलांचल में वन विकास के लिए संकल्पित है एसईसीएल- पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में 26 लाख पौधे लगाए जाएंगेएसईसीएल छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में व्यापक वृक्षारोपण अभियान पर अगले पांच वर्षों में 169 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहा है

## यहां रावण के साथ जलेंगे भाई-बेटे के पुतले

**कोरबा ।** कोरबा जिले में 5 दशक से ज्यादा समय से दशहरा का आयोजन हो रहा है। सबसे पुराना रावण दहन शहर के पुराना बस स्टैंड कोरबा में होता आ रहा है।दशहरा से लेकर एक पखवाड़े तक जगह-जगह रावण दहन होता है, लेकिन पहली बार लाल मैदान में इस बार रावण के साथ ही उसके भाई कुंभकर्ण और बेटे मेघनाथ के पुतलों का दहन कर दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए लाल मैदान में एचटीपीपी के स्क्रैप से तीन पुतले तैयार किए जा रहे हैं। रावण का पुतला सबसे अधिक 110 फीट ऊंचा तो कुंभकर्ण का पुतला 65 और मेघनाथ का पुतला 60 फीट का होगा। खास बात यह है कि पुतलों को हाईटेक तरीके से तैयार किया जा रहा है। इसमें रावण के पुतले में पूर्व की वर्षों की भांति आंख लाल रहेगी और सिर हिलाने के साथ ही ललकारते हुए मुंह से धुआं भी उगलेगा, जबकि कुंभकर्ण का खर्राटा पूरे लाल मैदान में गुंजेगा तो मेघनाथ का पुतला ढाल घुमाकर युद्ध का न्यौता देते हुए नजर आएगा। श्रीराम के हाथों सबसे पहले मेघनाथ व कुंभकर्ण का वध के प्रतीक में उनका पुतला जलेगा और अंत में रावण के पुतले के दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत होगी। सीएसईबी-पश्चिम के लाल मैदान में इस बार दशहरा उत्सव का 40वां साल है। एचटीपीपी परियोजना की मदद से हर साल पुतला तैयार किया जाता है। सबसे ऊंचा और हाईटेक तरीके से रावण पुतला तैयार होने की वजह से लाल मैदान के दशहरा उत्सव जिले में सबसे खास रहता है।

## पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को पद से हटाने जनपद अध्यक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र

### तूल पकड़ता जा रहा 14 माह अनुपस्थित रहकर वेतन लेने का मामला

**कोरबा/पोड़ी उपरोड़ा।** जिले के पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक के पद पर 14 माह अनुपस्थित रहकर वेतन लेने वाले व्याख्याता को पदस्थ किये जाने का मामला तूल पकड़ते जा रहा है। जहां पूर्व में कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष ने इसकी शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से कर कार्यवाही की मांग की थी, वहीं अब जनपद अध्यक्ष ने व्याख्याता को खण्ड स्त्रोत समन्वयक के पद से हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया हैज्ञात हो कि पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के पाली हाईस्कूल में पदस्थ व्याख्याता भरतलाल कुर्रे के द्वारा मई 2023 से लेकर जून 2024 तक 14 माह बिना उपस्थिति संबंधित अधिकारियों के मिलिभगत से वेतन का आहरण कर लिया गया। जिसकी शिकायत जिला कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष (आरटीआई विभाग) बबलू मारूवा ने जिला शिक्षाधिकारी से गत 10 जुलाई 2024 को कर उक्त व्याख्याता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए एफआईआर दर्ज कराने व रिकवरी की मांग की गई थी। शिकायत पर जिला शिक्षाधिकारी टी.पी. उपाध्याय ने स्वामी आत्मानन्द उमावि. कुसमुंडा व मोंगरा के प्राचार्य से मामले की जांच कराई गई तथा जांच टीम ने 22 जून 2024 को अपनी जांच रिपोर्ट जिला शिक्षाधिकारी को सौंपा, जिसमे व्याख्याता भरतलाल कुर्रे को 14 माह स्कूल से गैर हाजिर रहने के दौरान वेतन आहरण करने का दोषी पाया गया। शिकायत की जांच सही पाए जाने पर व्याख्याता को 20 अगस्त 2024 को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया। दोषी व्याख्याता भरतलाल ने आरोपपत्र के जवाब में प्रतिवाद प्रस्तुत किया अथवा नही, लेकिन स्पष्टीकरण जारी करने के सप्ताह भर बाद एक आदेश के तहत उक्त शिक्षक को पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक के पद पर पदस्थ कर दिया गया। इस दौरान कलेक्टर द्वारा बिना उपस्थिति 14 माह का आहरित वेतन के रिकवरी के लिए जारी किए गए आदेश को भी फाइलों के नीचे दबा दिया गया। अब इस मामले को पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत कार्यालय की अध्यक्ष ने संज्ञान में लिया है और व्याख्याता को खण्ड स्त्रोत समन्वयक के पद से हटाए जाने की मांग को लेकर बीते 07 अक्टूबर को कलेक्टर को शिकायत पत्र प्रेषित किया है। जनपद अध्यक्ष श्रीमती संतोषी पेन्द्रों द्वारा कलेक्टर को प्रेषित अपने पत्र में उल्लेख किया है कि व्याख्याता भरतलाल कुर्रे के विरुद्ध शिकायत है कि मई 2023 से जून 2024 तक अनुपस्थित रहते हुए 14 माह का वेतन प्राप्त किया है। जो कि वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। जिसकी जांच जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कराई गई और शिकायत सही पाया गया। किन्तु कार्यवाही के स्थान पर व्याख्याता भरतलाल कुर्रे को पोड़ी उपरोड़ा बीआरसी के पद पर पदस्थ कर दिया गया।

## जल जगार महोत्सव मेंचमन ने जीता पुरस्कार

**कोरबा ।** धमतरी जिले के गंगरेल में 5 से 6 अक्टूबर तक अन्तर्राष्ट्रीय जल जगार महोत्सव हुआ। इसमें राज्य के प्रत्येक जिले से एक स्वयं सेवक को चुनकर भेजा गया था। रासेयो जिला संगठक वाय.के. तिवारी के द्वारा कोरबा जिले से कमला नेहरू महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक चमन पटेल का चयन कर भेजा था। महोत्सव जल विधान सभा कार्यक्रम में चमन पटेल ने भाग लिया, जिसमें एक युवा संसद में विपक्ष के नेता का कोरबा के विधायक के तौर पर अपनी भूमिका निभाई। चमन पटेल ने जल विधान सभा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आपदा को रोकने क्या उपाय किए गए।

## आदिशक्ति की उपासना क्षेत्र में जारी


कोरबा। आश्विन नवरात्र पर्व पर आदिशक्ति दुर्गा की उपासना कोरबा नगर में जारी है। सार्वजनिक स्थल पर यह आयोजन किया गया है। जगत जननी की दिव्य और भव्य प्रतिमाएं विराजित करने के साथ विधि विधान से इनकी पूजा अर्चना की जा रही है। देवी दर्शन करने के लिए श्रद्धालु इन स्थानों पर उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। आज सातवें दिन परंपरागत रूप से नवरात्र के विशेष अनुष्ठान पर पूजा अर्चना का क्रम जारी रहा। मंदिरों में दुर्गा सप्तशति पाठ और देवी भागवत जारी है।



मेन रोड कुआंभट्ठा



शारदा विहार



एमपी नगर

# तान एनीकट की साइट से सामानों की लूट मामले में पकड़े गए दो आरोपी

कोरबा। लूट के एक प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक महीने से अधिक समय से वे फरार चल रहे थे। प्रकरण में इनके कुछ और साथी अब भी फरार हैं जिनकी खोज पुलिस कर रही है।



कोरबा जिले के बांगो पुलिस थाना के अंतर्गत 31 अगस्त को यह घटना पचरा में हुई थी। यहां पर जल संसाधन विभाग के द्वारा तान नदी पर एनीकट का निर्माण कराया जा रहा है। विभाग ने एक ठेका कंपनी को इसके लिए एजेंसी बनाया है। कामकाज के सिलसिले में नदी के पास ही ठेका कंपनी की साइट संचालित है जहां निर्माण सामाग्री का भंडारण किया गया है। इनमें लाखों की मशीन के अलावा सरिया, एंगल और अन्य मटेरियल शामिल है। काम चूंकि लंबे समय तक चलना है और इसके लिए कंपनी की ओर से काफी निवेश किया गया है इसलिए निगरानी भी जरूरी है। इन कारणों से यहां पर दो चौकीदारों को रखा गया है। खबर के अनुसार 31 अगस्त की रात्रि को यहां कुछ नकाबपोश पहुंचे थे। उन्होंने चौकीदारों को बंधक बनाने के साथ नगद 14 हजार और कई सामान लूट लिए और फरार हो गए। कर्मियों ने अपने ठेकेदार जयेश मिश्रा को इस बारे में जानकारी दी। उसने अगले दिवस इसकी रिपोर्ट बांगो थाना में दर्ज कराई। लूट का मामला दर्ज करते हुए पुलिस जांच पड़ताल में जुटी। बताया गया कि इस सिलसिले में उस दौरान प्राप्त इनपुट के आधार पर सात आरोपियों को दबोच लिया गया था जबकि गिरफ्तार आरोपियों के बयान के मुताबिक कटघोरा के पूंछापारा निवासी सलमान व मेला ग्राउंड निवासी जिशान मोहम्मद फरार चल रहे थे। इन्हें एक सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने तान एनीकट क्षेत्र में लूट की घटना करना स्वीकार किया। यह कार्रवाई एसपी राजेश कुकरेजा के निर्देश पर की गई। आरोपियों के विरूद्ध 331 (4), 309 (4), 310(2) बीएनएस के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

### साजिश के तहत रचा था पूरा प्लान

तान एनीकट क्षेत्र में लूट के इस घटनाक्रम को साजिश के तहत प्लान किया गया था। अब तक कि जांच और पूछताछ में कई और आरोपियों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। उनकी तलाश का काम जारी है। जल्द ही इसे हल किया जाएगा। इलाके में संगीन अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। यह काम जारी रहेगा।

**-उषा सोंधिया, टीआई बांगो**

## नदी-नालों और जलप्रपात में भारी पड़ रही मस्ती, परसाखोला बना डेंजर स्पॉट



कोरबा। जिले के कुछ पिकनिक स्पॉट ऐसे हैं जहां आये दिन लोगों की लापरवाही के कारण घटनाएं हो रही है और इसकी बड़ी कीमत जान देकर चुकानी पड़ रही है। परसाखोला क्षेत्र में हाल में ही हुई घटना में एक किशोर की मौत के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। उधर पुलिस का साफतौर पर कहना है कि इस क्षेत्र में पेट्रोलिंग तो की ही जा रही है। स्थानीय लोगों को भी अलर्ट किया गया है।

ठंड का सीजन शुरू क्या हुआ, पिकनिक स्पॉटों में हादसे शुरू हो गए। हालिया घटना बालकोनगर थाना क्षेत्र के परसाखोला में हुई जिसमें 16 वर्षीय अनुराग द्विवेदी उर्फ लक्की का जीवन समाप्त हो गया। उसके परिजन बाहर गए हुए थे तब उन्हें इस बारे में पता चला। ऐसे मामलों की रोक को लेकर पुलिस की भूमिका क्या है? बालकोनगर टीआई अभिनवकांत सिंह ने बताया कि परसाखोला इलाके में पुलिस की टीम इस सीजन में बराबर पेट्रोलिंग कर रही है। बालकोनगर क्षेत्र से उस स्थान की तरफ जाने वाले लोगों पर नजर है।

स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को सतर्क किया गया है और आवश्यक जानकारी देने को निर्देशित किया गया है। जागरूकता के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। जहां तक अनुराग की मौत का सवाल है, उस बारे में पता चला कि वह अलसुबह अपने घर से यहां के लिए निकला था। सामान्य तौर पर ऐसे स्पॉट पर लोगों की पहुंच 9 बजे के बाद ही होती है। संभवतः इसलिए आसपास के लोग भी इस बारे में सजग नहीं रहे। पुलिस की कोशिश होगी कि संबंधित क्षेत्र में ऐसी घटनाओं में लगाम लगाने के लिए और ज्यादा जतन होंगे।

### अकुशल लोग बचें उतरने से

पुलिस अधिकारी ने बताया कि परसाखोला सहित जिले के अन्य ऐसे स्थानों पर चेतावनी संबंधी बोर्ड लगाए जाएंगे और जरूरी हुआ तो कुछ और कोशिश की जाएगी। इसके माध्यम से स्पष्ट किया जाएगा कि जो लोग तैराकी के मामले में पूरी तरह अकुशल हैं वे नदी, नाले और जलप्रपात में उतरने से बचें।



नवरात्र पर्व पर बढ़ती हुई भीड़ के बीच ट्रैफिक कंट्रोल करना एक बड़ी चुनौती है। एसपी राजेश कुकरेजा के मार्गदर्शन में यातायात टीम के मनोज राठौर, ईश्वर लहरे, एमआर जांगड़े, आरएन रात्रे व सहकर्मी व्यवस्था बनाने में जुटे हैं। 39 स्काउट गाइड की सहायता भी इस काम में ली जा रही है।

## सिंगापुर में शराबखोरी के बाद हत्या, आरोपी पकड़ाया

कोरबा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में शिवप्रसाद कंवर की हत्या को लेकर पुलिस ने 36 घंटे बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना शराबखोरी के चक्कर में हुई। आरोपी को आज कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है।



सोमवार की रात रामपुर इलाके के सिंगापुर बस्ती में शिवप्रसाद कंवर की हत्या कुल्हाड़ी से हमला कर की गई थी। खबर के मुताबिक उस दौरान मृतक शिवप्रसाद और उसके 36 वर्षीय साले चंद्रभुवन कंवर ने शराब पार्टी की। इसके बाद जब नशा चढ़ा तो दोनों में गाली-गलौज शुरू हो गई। इसके पीछे के कारण की जानकारी मिलना बाकी है। विवाद अधिक बढ़ने पर आरोपी ने एक कुल्हाड़ी की व्यवस्था की और कुछ ही देर में शिवप्रसाद की गर्दन और अन्य हिस्से में ताबड़तोड़ हमले कर दिया जिससे वह मौके पर ढेर हो गया। जीजा को मौत की नींद सुलाने के बाद आरोपी भाग खड़ा हुआ। घटना के दौरान मृतक की पत्नी सुकृता सिंह नगर सेना में ड्यूटी करने गई हुई थी। जानकारी होने पर यहां बवाल हो गया और तब पुलिस को काफी कुछ प्रबंधन करना पड़ा। मामले को लेकर पुलिस ने खोजी डॉग बाघा और फोरेंसिक एक्सपर्ट की मदद ली।

### वन्य क्षेत्र में भक्ति भाव से मनाया जा रहा नवरात्र

कोरबा। वनांच्छादित पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में शक्ति की उपासना का पर्व आश्विन नवरात्र भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। अंचल के अनेक गांवों में आदिशक्ति की प्रतिमाएं विराजित की गई है। यहां परंपरागत कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बांगो, मोरगा व कोरबी पुलिस के द्वारा संबंधित स्थानों की पेट्रोलिंग करने के साथ व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है।

## 11वीं सदी के मंदिर में 1300 ज्योति कलश प्रज्जवलित



कोरबा। ऐतिहासिक स्थल चैतुरगढ़ समेत पाली विखं मुख्यालय और आसपास के देव स्थलों- देवी मंदिरों में शारदीय नवरात्रि का पर्व बड़े ही श्रद्धा भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है।मन्दिरों-देवालयों के कलश भवन में आस्था के प्रतिरूप सैकड़ों मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं।

कोरबा जिले के चैतुरगढ़ में 11वीं सदी का मां महिषासुर मर्दिनी देवी की अष्टभुजी प्रतिमा स्थापित है। जो तात्कालिक कल्चुरी राजाओं और लाफ़ागढ़ जमींदारी की अधिष्ठात्री देवी रही हैं। यहां प्रत्येक नवरात्रि का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। क्वार नवरात्रि पर्व यहां मंदिर परिसर में 78घृत, 797 तेल, 693 जवारा मनोकामना के दीप प्रज्वलित किए गए हैं। प्रतिदिन पूजा हवन का कार्य चल रहा है । वही भंडारा में सैकड़ों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। प्रशासन व पुरातत्व विभाग के दिशा निर्देश अनुसार चैतुरगढ़ धार्मिक एवं न्यास ट्रस्ट पूजा एवं अन्य व्यवस्था में जुटी हुई है।यहां कोरबा जिले ही नहीं वरन प्रदेश के कोने कोने से श्रद्धालू तीर्थाटन को पहुँच रहे हैं। यह स्थल अन्य जगह से पृथक होने के कारण अपनी विशिष्ट पहचान रखता है. इतिहासकार इसकी ऐतिहासिक पृष्टभूमि को जानने के लिए यहां पहुंचते हैं। लोगों का कहना है कि इसका अतीत अपने आपमें काफी महत्वपूर्ण रहा है।

*कोरबा। यहां के आरएसएस नगर दुर्गा पूजा पंडाल में 11 अक्टूबर को माही शर्मा के द्वारा देवी जागरण की प्रस्तुति की जाएगी। आयोजन समिति के द्वारा तैयारी की जा रही है।

# क्यों होता है यकृत रोग, कारण और निवारण पर चर्चा

### आयुष मेडिकल एसोसिएशन का आयोजन

कोरबा। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के चिकित्सकों का चिकित्सक सम्मेलन आईटीआई क्षेत्र के होटल में आयोजित हुआ। संगठन और हिमालया फार्मा जेंड्रा डिवीजन बेंगलुरु के संयुक्त तत्वाधान में मधुमेह जन्य यकृत रोग पर संभाषा परिषद के रूप में आयोजित इस सम्मेलन में मधुमेह जन्य यकृत रोग की उत्पत्ति से लेकर कारण और निवारण के बारे में मंथन हुआ। लोगों को इसके लिए जागरूक करने की योजना बनी।

डॉ.विपिन कटारिया ने बताया कि आयुष चिकित्सकों के साथ मिलकर अंचल इस रोग पर जागरूकता हेतु वृहद निशुल्क जांच परामर्श एवं उपचार कैम्प लगाए जा रहे हैं। एसोसिएशन के संरक्षक सम्मेलन के मुख्य अतिथि जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.उदय शर्मा ने मधुमेह जन्य यकृत रोग का मुख्य कारण शारीरिक गतिविधि न करना एवं जंक खाद्य पदार्थों का सेवन करना बताया। उन्होंने कहा की मधुमेह जन्य यकृत रोगों से



बचाव प्रत्येक मधुमेह रोगी व्यक्ती को कम से कम एक घंटा शारीरिक व्यायाम और आधा घंटा प्राणायाम अवश्य करना चाहिये। मुख्य अतिथि आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संरक्षक जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.उदय शर्मा, सम्मेलन के अध्यक्ष भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ.संजय वैष्णव के अलावा आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संरक्षक डॉ.के.के.पोद्दार, डॉ.अतुल धाबू, डॉ.प्रदीप देवांगन अध्यक्ष डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, सहसचिव डॉ.रामगोपाल साहू, कार्यकारिणी सदस्य डॉ.उपमा नायक, डॉ.सपना धाबू, डॉ.सुचित्रा वैष्णव, डॉ.नीता साहू, डॉ.अरविन्द साहू, डॉ.ललित साहु ,डॉ.प्रदीप कश्यप डॉ.अश्विनी आर्य, डॉ.अमित मिश्रा, डॉ.स्वर्ण सिंह चंद्रा, आशीष यादव, डॉ.रतनदीप तिवारी, डॉ.सत्य सौदागर खूँटे, डॉ.स्वाति तिवारी, डॉ.आयेषा खान, डॉ.लव कुमार साहू एवं श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा के अलावा हिमालया फार्मा बेंगलुरु के साइन्टीफिक सर्विसेस मैनेजर डॉ.विपिन कटारिया, रीजनल मैनेजर रमेश गुप्ता सेल्स ऑफिसर कमल धारीया तथा आयुष मेडिकल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी, सदस्य तथा बड़ी संख्या में जिले के बी.ए.एम.एस. चिकित्सक विशेष रूप से उपस्थित थे ।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com